हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## 6 साल से बंद इमर्सिव डोम, अब शुरू करने में एक से डेढ़ करोड़ का खर्च, इसलिए एनआरडीए ने भी खींचा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर में दस करोड़ से अधिक लागत से बनाया गया 5-डी इमर्सिव डोम पिछले 6 साल से बंद पड़ा हुआ है। इस डोम में जादुई लघु फिल्में दिखाई जाती हैं, जिसे देखकर लोग भी अभिभूत रहते थे, लेकिन पिछले करीब 6 साल से यह डोम बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण यह अब खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। इधर सूत्रों के अनुसार इस इमर्सिव डोम में फिर से 5-डी जादुई फिल्मों का शो दिखाने के लिए बड़ी राशि की जरूरत पड़ेगी, क्योंकि डोम में लगे स्क्रीन, महंगे उपकरण सहित कई चीजें खराब हो चुकी हैं। इन चीजों पर लगभग एक से डेढ़ करोड़ रुपए की राशि खर्च होनी है। इसे देखते हुए एनआरडीए भी इमर्सिव डोम को दोबारा चालू ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दूसरी कंपनी नहीं कर पाई मेंटेनेंस

इमर्सिव डोम के संचालन का ठेका सबसे पहले बेंगलुरु की कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी ने वर्ष 2018 तक इसका संचालन किया। इसके बाद दूसरी कंपनी को संचालन करने का ठेका दिया गया। यह कंपनी मेंटेनेंस नहीं कर पाई और तकनीकी खराबी आने के बाद डोम ही बंद हो गया।

### एक फिल्म 18 से 20 लाख की

इमर्सिव डोम में दिखाई जानी वाली 5-डी फिल्म की कीमत 18 से 20 लाख रुपए थी। इस फिल्म को विदेशी कंपनी से क्रय किया जाता था। सूत्रों के अनुसार 5-डी फिल्म विदेश में ही बनती हैं, इसलिए इन फिल्मों के एवज में बड़ी राशि का भुगतान करना पड़ता था।

## खबर संक्षेप

### रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा, लाखों की ठगी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ 18 लाख 72 हजार रुपए ठगी करने के आरोप में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। चेतना, कुणाल साहू तथा शुभांशु जुमड़े की शिकायत पर पुलिस ने रूपेश साहू तथा उसके पिता चैतराम साहू को गिरफ्तार किया है। दोनों पिता-पुत्र ने खुद के रेलवे अधिकारी बताकर बेरोजगार युवक युवतियों को झांसे में लेकर उन्हें रेलवे परीक्षा में शामिल कराकर मेडिकल टेस्ट कराने के साथ ज्वाइनिंग लेटर देने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

### पचास हजार का गांजा जब्त, विक्रेता गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को 50 हजार रुपए कीमत के पांच किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुभाष नगर निवासी दिनेश उर्फ दीवाना को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दिनेश लभांडी के पास एक थैले में गांज लेकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा था।

### जोन में 2023 से जून 2025 तक कुल 756 अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई

## ट्रेन टिकट दलाली में रायपुर-बिलासपुर हॉटस्पॉट, तीन साल में 756 पर कार्रवाई, फिर भी थम नहीं रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारों के सीजन, ट्रेनों के रद्द होने या अचानक यात्रा की जरूरत पड़ने पर कन्फर्म टिकट की तलाश में यात्री अक्सर टिकट दलालों का सहारा लेते हैं। ये दलाल यात्रियों से दोगुनी कीमत वसूलकर टिकट उपलब्ध करवाते हैं, जिससे कई जरूरतमंद यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाता। रेलवे सुरक्षा बल ऐसे अवैध टिकट दलालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। विशेष अभियान के तहत वर्ष 2023 से अब तक 756 दलालों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में रायपुर, बिलासपुर और नागपुर ऐसे प्रमुख केंद्र बन गए हैं, जहां सबसे अधिक टिकट दलाली के मामले सामने आए हैं। रायपुर मंडल में सबसे ज्यादा दलालों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद बिलासपुर और नागपुर का स्थान आता है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- त्योहारों में कन्फर्म टिकट की मारामारी, दलालों पर अब हर महीने रेलवे का शिकंजा
- अभियान चलाकर दलालों से 2.43 करोड़ मूल्य के अवैध टिकट जब्त किए गए



### महीने में दो से तीन बार चलाया जा रहा विशेष अभियान

*रेलवे में कंफर्म टिकट की बढ़ती मांग के बीच अवैध टिकट दलालों की सक्रियता भी लगातार बढ़ रही है। इस पर रोक लगाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, बिलासपुर और नागपुर मंडलों में विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार निगरानी और कार्रवाई में जुटी हैं। हर महीने दो से तीन बार चलाए जा रहे विशेष अभियानों में रेलवे सुरक्षा बल की अपराध गुप्तचर शाखा की टीमें शामिल की जाती हैं। जून माह में ही 30 अवैध टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया है। लवे बोर्ड के निर्देश पर देशभर में "ऑपरेशन उपलब्ध" नाम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इस ऑपरेशन के अंतर्गत, वर्ष 2023 से जून 2025 तक कुल 756 अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान कुल 2.43 करोड़ मूल्य के अवैध टिकट जब्त किए गए हैं।*

### इस तरह तीन साल में हुई कार्रवाई

**2023 में 292 कार्रवाई**

- 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध गोपनीय छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसके तहत 292 दलालों पर रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान 82,80,000 मूल्य के टिकट जब्त किए गए।

**2024 में 328 कार्रवाई**

- 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 तक अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध गोपनीय छापेमारी की गई, जिसके तहत 328 दलालों पर रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान 1,27,00,000 मूल्य के टिकट जब्त किए गए।

**2025 में जून तक 136 कार्रवाई**

- 1 जनवरी से जून 2025 तक अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध गोपनीय छापेमारी की गई, जिसके तहत 136 दलालों पर रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इस दौरान 33,30,000 मूल्य के टिकट जब्त किए गए।

## बादलों ने फिर दिया धोखा, हल्की बारिश में ही सिमटा मामला

- अब तक केवल 129.9 मिमी. वर्षा, ज्यादा प्रभाव अभी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर में जोरदार ढंग से बरसने वाला बादल राजधानी रायपुर में मामूली रूप में सिमट गया। दोपहर हुई हल्की बारिश के बाद यहां धूप भी निकल आया है। रायपुर जिले में अब तक 129.9 मिमी. बारिश हुई है जो सामान्य से 36 फीसदी कम है। अनुमान यह लगाया जा रहा है कि रायपुर में अभी मानसून का ज्यादा प्रभाव होने की संभावना नहीं है।

प्रदेश के कई इलाकों में नदी-नाले पानी बढ़ने की वजह से बाढ़ की स्थिति बनने लगी है मगर राजधानी की जीवनदायनी खारुन नदी में उफान नहीं आया है। राजधानी के लोगों को अभी भी भारी बारिश का इंतजार है। प्रदेश में मानसून सक्रिय है, रायपुर के ऊपर बादल छा रहे हैं मगर यहां जोरदार बारिश अब तक नहीं हुई है। शुक्रवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही देखकर यहां पानी बरसने की आस थी। दोपहर बाद इसकी शुरुआत हुई मगर ज्यादा देर तक बरसे बिना बादल छंट गए। रात होने के बाद फिर ▶▶|शेष पेज 13 पर

श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व जरूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।

अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी "TOD PHOD SALE"। देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरी स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.



## खबर संक्षेप

### नपा सभाकक्ष में 32 हितग्राहियों को मिली भवन अनुज्ञा पत्र



**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका सभा कक्ष में शुक्रवार को सर्वप्रथम पीआईसी की बैठक आहूत की गई। बैठक संपन्न होने के बाद तिल्दा नेवरा के विभिन्न वार्डों के 32 हितग्राहियों को आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा पत्र दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, सभापति ईश्वर यदु, विनोद नेताम, राजकुमार गेंडरे, संतोष यादव, पार्षद दिनेश साहू, पूर्व पार्षद सुधा चौबे, सीएमओ अनीश कुमार ठाकुर, राजेश निर्मलकर, अमित चौहान आदि उपस्थित थे। वहीं हितग्राहियों को उक्त भवन अनुज्ञा देने के बाद आवास योजना के तहत हुए कुछ नियमों में बदलाव की विस्तृत जानकारी भी दी गई। वहीं इधर यह भी पता चला है कि उक्त भवन अनुज्ञा पत्र वितरण करने की जानकारी अधिकांश सभापति व अधिकांश भाजपा पार्षदों व अन्य पार्षदों को भी नहीं दी गई थी जिसकी भी जमकर चर्चा होती रही। इसकी कुछ भाजपा पार्षदों ने भी पुष्टि की है।

### छात्रों को पुस्तक वितरण में देरी एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**आरंग।** जनपद पंचायत आरंग के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओ का शिक्षण सत्र 2025 शुरू हुए लगभग 16 दिन हों गए है, पर अभी तक प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों कों पुस्तक वितरण नहीं किया गया हैं, जिससे बच्चो कें पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो रहीं है व उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। आरंग एनएसयूआई नें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कों ज्ञापन सौपते हुए जल्द पुस्तक वितरण करने की मांग की। आरंग एनएसयूआई ने कहा की ऐसा न होने पर वे ब्लॉक अधिकारी कार्यालय का घेराव करेगी, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन कीं होगी। ज्ञापन सौपने वालो में संयुक्त महासचिव लिशांक टंडन, महासचिव अभिषेक गायकवाड, वरुण, गौरव, नानू, सौरभ, भोला व शुभम शामिल है।

### कुसमुद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**आरंग।** नगर पंचायत समोदा अंतर्गत ग्राम कुसमुंद के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप पार्षद विक्रांत संतोष सोनकर, अमर निषाद, चेतन साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू, वीरेंद्र साहू एवं भारी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। नव प्रवेशी बच्चों को पार्षदों द्वारा कॉपी, पेन, पहाड़ा, पेंसिल एवं पानी बॉटल का वितरण कर बच्चों के उत्साह का वर्धन किया गया।

### गणवेश और किताबें पाकर छात्र- छात्राओं के चेहरे खिले

**तिल्दा- नेवरा।** संकुल केंद्र निनवा में सत्र 2025 -26 का संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों के प्रवेश से शाला में उत्सव का वातावरण बना रहे इस उद्देश्य से शासन द्वारा प्रवेशोत्सव मनाने का आदेश दिया गया। कक्षा पहली और छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को ग्राम निनवा के उपस्थित गणमान्यजनों ने माला पहनाका , तिलक लगा, गणवेश व पुस्तक भेंट किया। गणवेश व पुस्तक पाकर बच्चों खुश हुए। निनवा में जेठी परिवार द्वारा नेवता भोज के साथ ही बच्चों को बैग, टाई आदि प्रदान किया गया। इस सत्र में संकुल एक शैक्षिक हब के रूप में उभरे, जिसके लिए सभी शिक्षकों को तन्मयता और लग्न से एफएलएन की दक्षता को दिलाने में सफल होना है ।

हादसा : जीवन धृतलहरे, खिलेश्वरी बंजारे को छोड़ने जा रही थी बिलाडी गांव

# माजदा और बाइक में टक्कर महिला की मौत व एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

■ तिल्दा-सिमगा मार्ग पर हुआ हादसा

शुक्रवार दोपहर तिल्दा-सिमगा मुख्य मार्ग पर सासाहोली गांव के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा तब हुआ जब एक स्वराज माजदा वाहन और एक दोपहिया वाहन के बीच सीधी टक्कर हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना दोपहर के समय तब घटी जब स्वराज माजदा वाहन क्रमांक एमएच 40 सीटी 7932 और दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 डीएस 4821 आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोपहिया वाहन पर सवार खिलेश्वरी बंजारे ग्राम बिलाडी निवासी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, दोपहिया वाहन चला रहे जीवन धृतलहरे उम्र 30 वर्ष, ग्राम कुरुद सिलयारी निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि घायल जीवन धृतलहरे, मृतिका खिलेश्वरी बंजारे को उनके गांव बिलाडी छोड़ने जा रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। यह घटना मार्ग पर सुरक्षा उपायों और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की आवश्यकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।




#### पुलिस मामले की जांच में जुटी

*दुर्घटना की सूचना मिलते ही नेवरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में मर्ग कायम कर लिया है। घायल जीवन धृतलहरे को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया यह तेज रफ्तार या लापरवाही से वाहन चलाने का मामला प्रतीत हो रहा है।*

#### यातायात नियमों का पालन करने की सख्त जरूरत

*सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए ड्राइवरों को अधिक सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की सख्त जरूरत है। साथ ही, सड़कों पर उचित साइनेज और स्पीड ब्रेकर जैसी व्यवस्थाएँ भी हादसों को कम करने में सहायक हो सकती हैं।*

# संविलियन और वेतन वृद्धि के लिए विधायक को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंग मे कार्यरत समस्त संविदा व्याख्यता, शिक्षक और अन्य संविदा कर्मचारियों ने विधायक गुरु खुशवंत साहेब को संविलियन, वेतन वृद्धि तथा स्थाईकरण हेतु प्रतिवेदन दिया। संघ ने कार्यकारिणी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आकाश कुमार विश्वास के नेतृत्व मे यह ज्ञापन दिया। विश्वास ने कहा पिछले महीने हमारे प्रदेश अध्यक्ष दुर्योधन यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर अपनी माँगो को रखा था, तथा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के तहत संविलियन की माँग की थी। मुख्यमंत्री ने उन्हे अश्वासन दिया था कि सरकार सहानुभूति पूर्वक इस पर विचार करेगी। हमे आशा है जल्द ही सरकार इस पर विचार करेगी और हमारी मांगो को मान लिया जाएगा। इस अवसर जिला रायपुर उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, एचएम शिनिबिनु मैथ्यू, एच एम कनकलता वर्मा तथा व्याख्याता युवराज मिश्रा, स्मिता रघुवंशी, मयंक लूणिया, गौरव वर्मा, गुंजा, तरन्नुम अख्तर, रमनदीप कौर, वामिका फिरदौस तथा शिक्षक यश प्रधान, आकाश शर्मा, सोनिया श्रीधर, कविता वर्मा, दिव्या यादव, तृप्ति आदिल, रेणुका वर्मा, बी फातिमा, प्रियंका खड़का, भारती रजक, वल्लभ, मोनिका थावरानी, गौरीशंकर शुक्ला, भुनेश्वर, केसरीकांत आदि कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# पलौद में शाला प्रवेशोत्सव हुआ, 4 लाख के सौंदर्यीकरण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलौद

ग्राम पलौद स्थित शासकीय विद्यालय में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले नौनिहालों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खोलूराम साहू उपस्थित रहे।



विशेष अतिथियों में जनपद सदस्य हिमांशु खरे और महेंद्र खुटियारे, सरपंच सुषमा ध्रुव, उपसरपंच बिहारीलाल साहू मंडल अध्यक्ष किशोर साहू और ईश्वर साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे। नवप्रवेशित बालक-बालिकाओं को पुस्तकें, गणवेश, पेन और कॉपी वितरित किए गए। साथ ही, बच्चों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। मुख्य अतिथि खेलूराम साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा शस्त्र है, जिससे व्यक्ति अपना भविष्य स्वयं गढ़ सकता है।/" उन्होंने जोर दिया कि आज के नन्हें छात्र कल के देश निर्माता होंगे, और उन्हें अच्छे संस्कार तथा बेहतर वातावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

#### विद्यालय सौंदर्यीकरण के लिए 4 रुपए लाख स्वीकृत

इस मौके पर, खनिज न्यास के सदस्य राघवेंद्र साहू ने विद्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने 4 लाख की राशि स्वीकृत करने की बात कही, जिसे खनिज विभाग के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। यह राशि विद्यालय के विकास और छात्रों को बेहतर शैक्षिक माहौल प्रदान करने में सहायक होगी।
कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय खिलेश्वर साहू की स्मृति में उनके परिवार द्वारा नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त सदस्य, पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामवासी और अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम को एक पारिवारिक और सामुदायिक स्वरूप मिला।

# हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने दस लाख रुपए का प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपूजन किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम पर रामफल और नीम का पौधे रोपित कर हरियाली का संदेश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं को पुस्तक गणवेश वितरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए दार्शनिक अंदाज में कहा शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता जीवन का मूल आधार है। इसके बिना जीवन सचमुच अंधकार है। कार्यक्रम की कर रहे अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष रवीन्द्र रिंकू चंद्राकर ने बच्चों को संबोधित करते कहा शिक्षा जीवन की प्रथम पायदान है। इसलिए हर कीमत पर



हमें शिक्षा अवश्य प्राप्त करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती किरण मनीष साहू, जनपद सभापति अभनपुर से विवेक तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष तोषण साहू रहे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि तोषण साहू तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य चंदूलाल साहू ने किया। इस मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष व ग्राम पंचायत भिलाई के सरपंच नीलकंठ निर्मलकर, गौतम साहू, मोहन लाल चंद्राकर, तोषण साहू, जोहन लाल साहू, रामाधार साहू, डॉक्टर एमआर साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक टीआर साहू, निर्मल साहू, प्रधान पाठिका डार्थी तांडी, संकुल समन्वयक जीतेंद्र शुक्ला, व्याख्याता अंजना मसीह, चंपा साहू, अंजलि साहू, त्रिवेणी बार्गो, प्रसन्न निर्मलकर, ज्योति शर्मा, गोविंद प्रसाद गुप्ता, भरत लाल साहू, शिक्षिका पुष्प लता चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, बसंती सोनकर, चुमेश्वरी साहू, लेखनी निषाद, शिक्षक पूरनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामीण उपस्थित थे।

# संकुल निनवा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

संकुल केंद्र निनवा में सत्र 2025 - 26 का संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों की प्रवेश से ही शाला में उत्सव का वातावरण बनी रहे इस उद्देश्य से शासन द्वारा प्रवेशोत्सव मनाने का आदेश दिया गया। कक्षा पहिली और छठवी के नव प्रवेशी बच्चों को ग्राम निनवा के उपस्थित गणमान्य जनों ने माला पहिना, तिलक लगाकर गणवेश व पुस्तक भेंट किए जिसे पाकर बाल मन हर्षित हो रहे थे। निनवा में जेठी परिवार द्वारा नेवता भोज के साथ ही बच्चों को बैग टाई आदि प्रदान किए

इस सत्र में संकुल एक शैशिक हब के रूप में उभरे जिसके लिए सभी शिक्षकों को तन्मयता और लग्न से एफ एल एन की दक्षता को दिलाने में सफल होना है। ऐसा सभी का मत रहा है। संकुल प्रभारी प्राचार्य



गोपल प्रसाद वर्मा व संकुल समन्वयक नरोत्तम ध्रुव द्वारा गत सत्र के बोर्ड परीक्षा में प्रथम-द्वितीय स्थान प्राप्त बच्चों को संकुल की ओर से सम्मानित किया।संकुल गौरव के रूप में मोहन खरे, हेमचरण पटेल सहायक शिक्षक का सम्मान सरपंच गोविंद सारंग ,एस एम डी सी अध्यक्ष गिरेन्द साहू, शिक्षाविद बी साहू ने सम्मानित किए। संकुल और शाला की ओर से बलराम यदु शिक्षक को नवपदस्त शाला सिलपट्टी के लिए एस एम सी अध्यक्ष राधिका साहू ने सम्मान किए। संकुल शाला के सभी रसोइया एवं सफाई कर्मियों को उसके सेवा के लिए भी सम्मानित किये।इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।शाला के सभी शिक्षक - पालक - बालक व गणमान्यजन शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# संडी स्कूल में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

रीवा संकुल के मिडिल स्कूल संडी में पहली बार संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत आरंग के सदस्य कृष्णा महेश साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महात्मा गांधी स्कूल रीवा के नोडल प्राचार्य आर पी चंद्राकर ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत संडी की सरपंच हेमलता नरेश बंजारे, उप सरपंच कमल नारायण धीवर, ग्राम कुकरा के सरपंच नंदलाल डहरिया, डुमेंद्र साहू, जिला पंचायत रायपुर की पूर्व सभापति अनिता थानसिंग साहू, शाला विकास समिति से गीतांजलि राव, डिगेश्वरी यादव की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम विद्या कि देवी मां शारदा के छाया चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश हुआ। पहली व छठवीं के



नवप्रवेशी बच्चों के ललाट पर तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्रों को स्कूल बैग कापी पेन व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में महात्मा गांधी स्कूल के सेवानिवृत्त शोभाराम साहू का भी सम्मान किया गया। सभी बच्चों के लिए खीर पूड़ी व अतिथियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था थी। निशुल्क शाला गणवेश व पुस्तक पाकर बच्चे बड़े प्रसन्न हुए। कार्यक्रम का संचालन कुकरा के प्रधान पाठक पवन चंद्राकर व सीए सी युवराम साहू ने किया। इस आयोजन में शिक्षक शैलेन्द्र शुक्ला पं छत्रधर दीवान, तुमेंद्र कोटरे, अरुण धीवर, धनंजय साहू, संतोष साहू, जितेंद्र देवांगन, खारुन घृतलहरे, राजकुमार दीपक, गणेश राम साहू, आर एस कुंजे, हेमंत चंद्राकर, नहर पारा संडी के प्रधानपाठक वीर सिंग ध्रुव, लुकेश ध्रुव, बिन्नी पटेल, अंजू शर्मा व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

#### रसनी हाईस्कूल मे मना शाला प्रवेशोत्सव

आरंग। शासकीय हाई स्कूल रसनी मे शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। गुरु खुशवंत ने सदैव सकारात्मक सोच के साथ बच्चो को आगे बढने के लिए प्रेरित किए। साथ ही शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के साथ एक पेड मा के नाम के तहत पौधा लगाकर वृक्षारोपण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला सदस्य वतन चंद्राकर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सूरज शर्मा, जगमोहन चंद्राकर, केके भारद्वाज, नंदकुमार चंद्राकर, सरपंच गणेश साहू, देवनाथ साहू, समीर चंद्राकर, अभयराम चंद्राकर, अरूण साहू, अंगद साहू, कुलेश्वर साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए हाईस्कूल प्रभारी वास्तव ने आभार प्रकट की।

निविदा न मिलने से प्रशासन को झटका, फिर भी आशंका बरकरार

# खौली में 10वें दिन भी बारिश के बीच धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

■ खौली में शराब दुकान के विरोध में धरना 10वें दिन भी जारी, ग्रामीण प्रशासन के अगले कदम से सशंकित

आरंग के खौली गांव में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को लगातार 10वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों द्वारा दुकान के लिए जगह उपलब्ध न कराए जाने के कारण प्रशासन की मंशा फिलहाल सफल नहीं हो पाई है, लेकिन ग्रामीण किसी संभावित अगले कदम को लेकर सशंकित हैं और एहतियात के तौर पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं। शुक्रवार को भी बारिश के बीच महिलाओं ने मोर्चा संभाले रखा। यह ज्ञात हो कि खौली में प्रस्तावित शराब दुकान के लिए जगह उपलब्ध कराने हेतु निविदा भरने की अंतिम तिथि 2 जुलाई थी, लेकिन किसी भी ग्रामीण ने निविदा नहीं डाली। इससे फिलहाल यहाँ दुकान खोलने के प्रशासन के इरादों पर पानी फिर गया है। बावजूद इसके, ग्रामीणों को आशंका है कि प्रशासन यहाँ शराब दुकान खोलने के लिए कोई और रास्ता अपना सकता है।



#### 7 जुलाई को होगी ग्रामीण सभा की बैठक

ग्रामीणों ने जानकारी दी है कि 7 जुलाई को होने वाली ग्रामीण सभा की बैठक में परिस्थितियों के मद्देनजर विचार-विमर्श के बाद सामयिक निर्णय लिया जाएगा कि आगे क्या रणनीति अपनाई जाए। यह दिखाता है कि ग्रामीण अपनी एकजुटता और संकल्प के साथ इस मुद्दे पर डटे हुए हैं।

#### विधायक और पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन

क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि वे किसी भी स्थिति में यहां शराब दुकान नहीं खुलने देंगे। इसके बावजूद, सशंकित ग्रामीण एहतियातन धरना जारी रखने के पक्ष में हैं। इधर, क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर के साथ पंचायत प्रतिनिधियों ने आरंग के अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रस्तावित शराब दुकान के लिए ग्रामीणों द्वारा जगह न उपलब्ध कराने की जानकारी देते हुए शराब दुकान खोलने संबंधी आदेश को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। विधायक गुरु खुशवंत सिंह ने भी बीते दिनों मिले प्रतिनिधिमंडल को पंचायत द्वारा शराब दुकान खोलने के कथित प्रस्ताव को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित कर अनुविभागीय अधिकारी को देने को कहा था।

# तिल्दा जनपद में लेखपाल बालाराम को दी गई विदाई

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा में पदस्थ रहे वरिष्ठ लेखपाल बाला राम साहू के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे सम्मिलित हुए। अपने 38 वर्षों की दीर्घ सेवा के दौरान साहू ने जनपद प्रशासन के कार्यों में अनुकरणीय समर्पण, निष्ठा और कुशलता के साथ योगदान दिया।



इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया और जनपद परिवार की ओर से उनके सेवा काल की सराहना किया गया। मनहरे ने कहा कि उनका शांत स्वभाव, सरल व्यवहार और कार्य के प्रति ईमानदारी सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहा है।हम सबकी ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं, उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, तिल्दा सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, पूर्व तिल्दा सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, जनपद सदस्य कुंजलाल वर्मा, लेखु सेन, नरसिंह वर्मा, रामजी निषाद, दिनेश वर्मा, सरपंच तेजपाल, तिल्दा सरपंच संघ उपाध्यक्ष दिनेश वर्मा, लेखराम देवांगन, तारण डहरिया, चंद्रकांत साहू, सुनील मनहरे एवं समस्त जनपद स्टॉफ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### दो नवीन सामुदायिक भवनों के निर्माण एवं उद्यान विकास के लिए भूमिपूजन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में दो सामुदायिक भवनों के निर्माण और उद्यान विकास कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। इस भूमिपूजन में विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़ भी उपस्थित रहे। राजेश मूणत ने इस दौरान बालाजी कल्याण मंदिर परिसर के पास सामुदायिक भवन को भव्य और सुन्दर बनाने विधायक निधि से 25 लाख रुपए की घोषणा की। जोन-1 क्षेत्र के बालगंगा तिलक वार्ड क्रमांक 18 में श्रीबालाजी कल्याण मंदिर परिसर के पास नया सामुदायिक भवन निर्माण, एकता नगर गुढ़ियारी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास नया सामुदायिक भवन और उद्यान विकास कार्य किया जाएगा। इन तीनों कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत पर आज भाजपा की कार्यशाला

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को 12 बजे एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यशाला होगी। प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया, कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के संयोजक, सहसंयोजक शामिल होंगे। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिलेगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया, यह कार्यक्रम सभी स्कूलों में एक वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाता है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक राज्य को किसी अन्य राज्य के साथ जोड़ा जाता है ताकि वे एक-दूसरे की संस्कृति, भाषा, भोजन, त्योहारों, पर्यटन आदि के बारे में जान सकें और उनका अनुभव कर सकें।

### 7 निकायों के अधिकारियों ने देखा सकरी प्लांट



**रायपुर।** नगरीय निकाय भिलाई, दुर्ग, भिलाई-चरोदा, रिसाली, कुम्हारी, जामुल और उतई के 20 अधिकारियों ने शुक्रवार को सकरी स्थित इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भ्रमण कर अध्ययन किया। इस दौरान भ्रमण दल ने कचरे को अलग कर उससे कंपोस्ट बनाने की पूरी प्रक्रिया देखी, साथ ही लैंडफिल और उसके प्रबंधन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लीचेट के ट्रीटमेंट से साफ पानी प्राप्त करने की प्रकिया भी जानी। प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण और उसे उद्योगों में उपयोग लायक बनाने के लिए ग्रैन्यूल्स में बदलने की पूरी प्रक्रिया भी अधिकारियों ने समझी। कंपोस्ट, उपचारित जल और प्लास्टिक ग्रैनुअल्स की क्वालिटी जांचने के लिए वहां स्थित लैब में अपनाई जाने वाली विधि भी अधिकारियों को बताई गई।

---

**मुख्यमंत्री ने कैबिनेट में लिया था निर्णय अब होगा अमल**

# धान छोड़कर दलहन, तिलहन मक्का लगाने वाले किसानों को अब मिलेगी प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अगर धान उत्पादक किसान अपनी धान की फसल की जगह दलहन-तिलहन या मक्का की फसल लगाएंगे, तो उन्हें प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता के रूप में सरकार अदा करेगी। इसके साथ ही धान के अलावा अन्य फसल दलहन-तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी (मिलेट) कपास वगैरह की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस हजार रुपए दिए जाएगा। किसानों यह सहायता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट के फैसले के क्रियान्वयन के रूप में मिलने वाली है।

■ धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहन का दांव

### पिछली कैबिनेट में हुआ था ये निर्णय

मुख्यमंत्री श्री साय की अध्यक्षता में 30 जून को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया । कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत करने की फैसला हुआ था। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब



दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### इस तरह समझें कैसी है योजना

इस योजना को इस तरह समझा जा सकता है। जैसे कि किसी किसान ने पिछले साल अपनी खेतों में धान की फसल लगाई। उपज बेचने के लिए उसने अपना पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में करवाया। उसी आधार पर उसने अपनी धान की फसल भी बेची है। अब यही किसान धान की जगह दलहन,तिलहन या मक्का की फसल लगाता है तो उसे इस फसल पर प्रति एकड़ 11 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### इन किसानों को भी मिलेगा लाभ

राज्य के किसान जो पहले से दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी( मिलेट) कपास वगैरह यानि धान के बदले अन्य फसल ले रहे हैं, सरकार उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार रुपए आदान सहायता के रूप में अदा करेगी। दरअसल सरकार का यह कदम राज्य में धान के अलावा अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उठाया जा रहा है।

---

**राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान 7 जुलाई को होगी सभा**

# खड़गे की सभा को भव्य बनाने सभी पूर्व मंत्रियों को जिम्मा, 25 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की राजधानी रायपुर में होने वाली सभा को भव्य बनाने का जिम्मा कांग्रेस ने प्रदेश के पूर्व मंत्रियों को दिया है। शुक्रवार को राजीव भवन में एक बड़ी बैठक प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने ली। इस बैठक में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही प्रदेश के सभी पूर्व मंत्री शामिल हुए। सभी मंत्रियों को सभा के लिए जिम्मेदारी दी गई है। सभा में 25 हजार की भीड़ लाने का लक्ष्य रखा गया है। सभा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश संगठन की बैठक भी लेंगे।

बैठक में पिछली कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे सभी मंत्रियों को बुलाया गया था। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्रूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को आयोजन को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। बैठक में पूर्व मंत्री शिव डहरिया, मो. अकबर, अनिला भेड़िया, रवींद्र चौबे, धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस की प्रभारी सचिव जरिता लेत फलांग भी मौजूद रहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस की किसान, जवान, संविधान सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री वेणुगोपाल संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया, इस सभा का मकसद छत्तीसगढ़ सहित देश भर में किसानों, जवानों की आवाज उठाना है। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार से संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता पर प्रहार किया जा रहा है, उसको जनता तक ले जाना है।



### सभा के बाद बैठक भी

प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने बताया, राजधानी रायपुर में सभा के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस राजीव भवन में पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी लेंगे। बैठक में कांग्रेस की आने वाली रणनीतियों पर होगी चर्चा। श्री बैज ने राजीव भवन में बैठक के बाद साइंस कॉलेज के मैदान पहुंचकर सभा स्थल में तैयारियों का जायजा भी लिया। कांग्रेस अध्यक्ष की सभा को लेकर बोले दीपक बैज ने कहा, सभा से सरकार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद होगा। पूरे प्रदेश से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में जयसिंह अग्रवाल, गुरू रूद्र कुमार, अमरजीत भगत, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अरूण ताम्रकार, आकाश शर्मा, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा, आकाश तिवारी। कार्यक्रम स्थल व्यवस्था समिति में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, कन्हैया अग्रवाल, महेन्द्र छाबड़ा, दिनेश, अशोक राज आहूजा, शिव सिंह ठाकुर, सारिक रईस खान, डॉ. अजय साहू, शशिभूषण गौतम, अजय अग्रवाल, राजेश चौबे, लुकेश्वर कुमार साहू, दिलीप चौहान, सुमित दास उपस्थित थे।

---

# पिछले छह साल में चार दलों ने किसी चुनाव में नहीं उतारे प्रत्याशी

**सभी को आयोग का नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजनीतिक संगठन बनाने के बाद भी विधानसभा, लोकसभा चुनाव में हिस्सा नहीं लेने वाले दलों पर छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने शुक्रवार को ऐसे ही चार राजनीतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिनके द्वारा पिछले 6 साल से प्रदेश में हुए किसी भी चुनाव में अपने दल से प्रत्याशी को खड़े नहीं किए हैं। इन सभी दलों के प्रमुख लोगों को आयोग ने सुनवाई के लिए बुलाया है। यह सुनवाई 11 जुलाई को रखी गई है, जिसमें इन दलों के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित अन्य प्रमुख लोगों को पेश होना पड़ेगा।

### 2019 से किसी भी चुनाव में नहीं उतारे गए उम्मीदवार

आयोग ने जिन चार दलों को नोटिस जारी किया है, उनमें से किसी भी दल ने वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक हुए किसी भी चुनाव में कोई उम्मीदवार को उतारा नहीं है। इन बीते 6 वर्षों में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के अलावा उपचुनाव भी हुए हैं।

### इन दलों को नोटिस जारी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने छत्तीसगढ़ संयुक्त जातीय पार्टी बजरंग नगर (तात्यापारा वार्ड) रायपुर, छत्तीसगढ़ विकास पार्टी न्यू पुरैना रायपुर, राष्ट्रीय मानव एकता कांग्रेस पार्टी स्टेशन रोड रायपुर तथा पृथक बस्तर राज्य पार्टी शंकर नगर रायपुर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से आयोग ने इन चारों दलों के प्रमुख लोगों को 11 जुलाई को आयोग द्वारा की जाने वाली सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

---

# वित्त मंत्री चौधरी ने जीओएम की बैठक में जीएसटी सुधारों पर रखा ठोस विजन, बोगस पंजीयन व फर्जी बिलों पर हो सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में जीएसटी राजस्व संग्रहण को और अधिक पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और प्रभावी बनाने के लिए गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) की बैठक शुक्रवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने राज्य के अनुभव साझा किए और बोगस व्यवसायियों पर सख्त कार्रवाई, पंजीयन प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक के प्रयोग तथा फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। इस समूह का संयोजन गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद पी. सावंत कर रहे हैं।

बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बतौर सदस्य भागीदारी की और राज्य के अनुभव एवं नीतिगत सुझाव साझा किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण में आ रही चुनौतियों का आकलन कर व्यापक समाधान तलाशना था। इस दौरान देश के विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों ने अपने-अपने राज्यों में जीएसटी के राजस्व पर पड़ने वाले आर्थिक व अन्य कारकों का विस्तार से विश्लेषण किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने छत्तीसगढ़ में एंटी इवेजन और अनुपालन के क्षेत्र में की गई पहलों की जानकारी दी।




### इस तरह बढ़ा छत्तीसगढ़ में राजस्व संग्रह

श्री चौधरी ने बताया कि कर अपवंचन रोकने और वास्तविक करदाताओं को सहूलियत देने के लिए छत्तीसगढ़ में डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित टूल्स का सघन उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव हुई है। बैठक में बीफा, जीएसटी प्राइम और ई-वे बिल पोर्टल जैसी अत्याधुनिक प्रणालियों के प्रजेंटेशन भी हुए। श्री चौधरी ने सुझाव दिया कि इन नवाचारों को पूरे देश में समान रूप से लागू करने से बोगस व्यवसायियों की पहचान और कार्यवाही में तेजी लाई जा सकेगी।

### फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट रोकने की जरूरत

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ने विशेष रूप से फर्जी बिलों पर नियंत्रण, फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट की रोकथाम, तथा पंजीकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए केंद्रीयकृत डिजिटल तंत्र के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन उपायों से न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि करदाताओं में विश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जीएसटी कलेक्शन के संदर्भ में राज्य स्तर पर नियमित समीक्षा और डेटा आधारित निर्णय प्रक्रियाओं ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का अनुभव अन्य राज्यों के लिए उपयोगी मॉडल बन सकता है।

### राज्यों को करना होगा साझा प्रयास

वित्त मंत्री ने कहा कि सभी राज्यों को मिलकर साझा प्रयास करने चाहिए ताकि जीएसटी राजस्व संग्रहण में स्थायित्व एवं वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्रियों के समूह द्वारा सुझाए गए उपायों को जीएसटी परिषद शीघ्र लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह बैठक जीएसटी परिषद के समक्ष व्यापक सुधारात्मक प्रस्ताव रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे भारत में कर प्रशासन और राजस्व संग्रहण को नई दिशा मिलेगी।

---

# सांसद बृजमोहन बोले- छत्तीसगढ़ ऊर्जा और खनिज संपदा की भी रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ केवल धान का कटोरा ही नहीं, बल्कि खनिज संपदा का भी धनी प्रदेश है, जो देश की ऊर्जा व औद्योगिक आवश्यकताओं की रीढ़ है। हैदराबाद में कोयला तथा खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में उन्होंने भाग लिया।

श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं और संभावनाओं को पूरे तथ्यात्मक रूप में सामने रखा। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई खदानें बंद पड़ी हैं, जो जन-जीवन के लिए खतरा बनी हुई हैं। उन्होंने मांग की परित्यक्त खदानों की घेराबंदी कर उन्हें फ्लाई ऐश व ओवरबर्डन से भरा जाए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। श्री अग्रवाल ने कोयले की चोरी को गंभीर समस्या बताया और हर खदान में डेटा निगरानी प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा, खनन क्षेत्रों में वृक्षारोपण को अनिवार्य किया जाए ताकि वनों की क्षति की भरपाई हो सके। हर खदान क्षेत्र में स्कूल, आईटीआई, कोचिंग सेंटर, अस्पताल, एवं जल शोधन संयंत्र जैसी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। कोयला सलाहकार समिति के सदस्यों को पेट्रोलियम क्षेत्र की तर्ज पर सीएसआर फंड का लाभ दिया जाए, जिससे वे क्षेत्रीय विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें। बैठक के दूसरे सत्र में उन्होंने छत्तीसगढ़ में खनिज अन्वेषण की दिशा में गंभीर प्रयासों की आवश्यकता जताई। श्री अग्रवाल ने बताया कि, गरियाबंद जिले के पायलीखंड क्षेत्र को दुनिया की सबसे समृद्ध हीरा खदानों में माना जाता है। जशपुर जिले के तुमला गांव में भी हीरे के भंडार मौजूद हैं। राज्य में प्राकृतिक हीरे, अलेक्जेंड्राइट, गार्नेट, बेरिल, क्वार्ट्ज, एमेथिस्ट जैसे बहुमूल्य रत्न पाए जाते हैं। साथ ही राज्य में लीथियम और अन्य खनिज भंडार की प्रबल संभावना है।

**हैदराबाद में कोयला तथा खान मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की बैठक में हुए शामिल**




---

# मुख्यमंत्री साय ने वॉटर वुमन शिप्रा पाठक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वॉटर वुमन के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधारोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### बनाई अलग पहचान

उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



---

**जिले में मेडी गुरु का नवाचार, हर गुरुवार ऑनलाइन उन्मुखीकरण**

# हेल्थ सेंटरों के डाक्टरों को गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ से मिल रहा जीत का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में एनीमिया के खिलाफ चल रही जंग में शामिल शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के डाक्टरों को फोर्टिस हास्पिटल गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ सफल होने के लिए रक्त विकारों के नवीनतम नैदानिक एवं उपचार प्रोटोकॉल के जरिए जीत का मंत्र दे रहे हैं।

रायपुर जिले में मेडी गुरु की नयी योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में रक्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल भार्गव प्रत्येक गुरुवार को दोपहर तीन से चार बजे तक जिले के समस्त शासकीय संस्थाओं में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर रोकथाम किया जाना है। गुरुवार को इस स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया भी ऑनलाइन प्रशिक्षण में जुड़ कर एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर उचित प्रबंधन के सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने इस उन्मुखीकरण पहल के लिए डॉ. भार्गव की सराहना की। सीएमएचओ डॉ. चौधरी ने बताया कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है एवं शरीर के विभिन्न अंगों में ऑक्सीजन की सप्लाई प्रभावित होती है। परिणाम स्वरुप पीड़ित व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गंभीर स्थिति में यह जीवन के लिए खतरा भी हो सकता है। आयरन की कमी, किडनी रोग, कैंसर, यकृत के विकार एनीमिया मुख्यतः कारण होते हैं साथ ही अपर्याप्त आहार, पोषण तत्वों के अपर्याप्त अवशोषण, विटामिन बी-12, विटामिन बी-9 की कमी, मलेरिया जैसे संक्रमण अनुवांशिक रक्त विकार जैसे सिकल सेल, थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक सत्र जिले में एनीमिया के दुष्प्रभाव को कम कर सरकारी डॉक्टरों को कुशलता प्रदाय कर, उनकी दक्षताओं को बढ़ाने में मददगार साबित होगा, जो की एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने में एक कारगर कदम होगा।



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने ली आदिवासी विकास विभाग की बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रास सभाकक्ष में आदिवासी विकास की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में संचालित आश्रम-छात्रावास में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, साथ ही सभी विद्यार्थियों का आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड बनवाएं। छात्रावास के कमरों, बिस्तरों एवं शौचालयों में साफ रखें वहां रहने वाले विद्यार्थियो का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। किसी प्रकार की बीमारी होने पर उपर्युक्त दवाई उपलब्ध कराएं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संपर्क कर स्वच्छ पेयजल प्रदान करें। छात्रावास के कमरें की मरम्मत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावास के दीवारों पर महत्वपुर्ण कार्यालय के फोन नंबर अंकित कराए। सभी अधीक्षक अधीक्षिका अपने क्वाटर में रहना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय चंदेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### भगवान दास थदानी

**रायपुर।** गुलमोहर वाटिका अमलीडीह महावीर नगर निवासी भगवान दास थदानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जुलाई को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहनलाल थदानी, गुलशन थदानी के भाई एवं यश थदानी के पिता थे।



### रामानुज शर्मा

**रायपुर।** चंगोराभाठा निवासी रामानुज शर्मा (पहडोर वाले)का 4 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई को सुबह 11 बजे महादेवघाट में किया जाएगा। वे ममता तिवारी, नमिता पांडेय, विनीता शर्मा, कविता दीवान, आशुतोष शर्मा एवं अनुराग शर्मा के पिता थे।



### संदीप मर्दा



**रायपुर।** मोवा ग्रीन ऑर्चिड निवासी माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ सदस्य संदीप मर्दा (55) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई को किया जाएगा। वे ललितमोहन मर्दा के पुत्र थे।

### राधेश्याम उपाध्याय

**रायपुर।** ओटेबंद निवासी सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक राधेश्याम उपाध्याय (93) का 4 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई को सुबह 11 बजे गृहग्राम ओटेबंद के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिनेश, राकेश, विनोद उपाध्याय के पिता थे।



# मीनल ने कहा- पहले समझाइश-चेतावनी दें, बाद में करें अर्थदंड की कार्रवाई

**महापौर ने अधिकारियों को राजस्व संबंधी प्रकरणों में कार्रवाई से पूर्व जनता को नियम और कानून की जानकारी देने कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने राजस्व संबंधी प्रकरणों पर की जाने वाली कार्रवाई को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी कार्रवाई करने से पहले संबंधित व्यक्ति को नियम और कानून की पूरी जानकारी दें। इसके लिए उन्हें पहले समझाइश और चेतावनी दें। इसके बाद भी अगर नियम-कानून का पालन नहीं किया जा रहा हैं, तब अर्थदंड की कार्रवाई करें।

महापौर ने राजस्व अधिकारियों को सारे काम पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की जानकारी में होना चाहिए कि नियम का पालन नहीं करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि निगम, जनता के सहयोग से ही शहर को सुंदर और व्यवस्थित कर सकता है, इसलिए यह उद्देश्य लेकर ही अधिकारियों को काम करना चाहिए।




### अवैध विज्ञापन प्रचार पर 50 हजार से एक लाख तक जुर्माना

*नगर निवेश विभाग ने विज्ञापन संबंधी नीति जारी की है। इसके तहत बगैर लिखित अनुमति से निगम सीमा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक निजी संपति, दीवार, वाहन, ढांचे आदि पर कोई भी प्रचार सामग्री नहीं लगा सकता है। केवल पंजीकृत विज्ञापन एजेंसियों को ही इसकी अनुमति नियमानुसार दी जाती है। निजी संपति पर लाईसेंस की अवधि एक वर्ष होती है। सार्वजनिक संपति पर टेंडर के नियमो के अनुसार लाईसेंस अवधि होती है। अस्थायी विज्ञापन के लिए एक माह की अवधि होती है, जिसमें मासिक नवीनीकरण संभव है, वहीं निजी संपति पर एक वर्ष के बाद नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। इस तरह अनाधिकृत प्रचार पर 50 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक का जुर्माना का प्रावधान है।*

**इन नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई:** अवैध विज्ञापन हटाने का 10 हजार रुपए शुल्क, अवैध विज्ञापन पर मूल शुल्क का दो गुना तक अर्थदंड, 15 दिनों में सुधार नहीं करने पर बिना नोटिस के अवैध विज्ञापन हटाए की कार्रवाई, वाहन जब्ती, एफआईआर तथा काली सूची में नाम डालने की कार्रवाई का भी प्रावधान है। विज्ञापन शुल्क समय पर जमा ना करने की स्थिति में संबंधित राशि को संपत्तिकर में जोड़ने के अलावा संपत्ति सील करने की भी कार्रवाई की जा सकती है।

# मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में लगे झूलों पर महापौर सख्त, कंपनी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा क्षेत्र में स्थित मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में अत्यधिक संख्या में लगे झूलों पर गहरी नाराजगी दिखाते हुए महापौर ने संबंधित कंपनी को फटकार लगाते हुए इन झूलों को 24 घंटे के भीतर हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उद्यान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को तेलीबांधा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ निगम और जोन क्षेत्र के अधिकारियों की टीम भी थी। इस दौरान सबसे पहले महापौर मैथिलीशरण गुप्त उद्यान पहुंचीं। इस उद्यान के निरीक्षण में उन्होंने पाया कि अत्यधिक संख्या में झूलों के लगने से उद्यान का क्षेत्रफल कम हो गया है। जिस कंपनी से निगम ने अनुबंध किया है, उसी के द्वारा उद्यान में कब्जा कर वहां झूले लगाए गए हैं। इन झूलों के कारण उद्यान में योगा, व्यायाम और पैदल घूमने-फिरने पहुंचने वाले लोगों के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है। महापौर ने कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के दौरान उद्यान से झूले हटाए नहीं गए, तो कंपनी के साथ हुए सभी अनुबंध निरस्त कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्यान जनता की धरोहर है, जो हमेशा रहेगा।



### सार्वजनिक सुलभ शौचालय बंद पाया, तुरंत खोलने दिए निर्देश

तेलीबांधा क्षेत्र के जल विहार कालोनी के निरीक्षण के दौरान महापौर ने सार्वजनिक सुलभ शौचालय को बंद पाया। उन्होंने इस शौचालय के बंद होने की जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को इसे तुरंत शुरू कराने के निर्देश दिए।

**तालाब परिसर में बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने बॉर्डर लगेगा**

मीनल चौबे ने तालाब परिसर में गाड़ियों के प्रवेश पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने, अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेलीबांधा पाथ-वे पर नेत्र चिकित्सालय के पास निर्मित पार्किंग एरिया से तेलीबांधा परिसर एंट्री में बॉर्डर लगाया जाए, ताकि बड़ी गाड़ियां तालाब परिसर में प्रवेश ना कर सके। भीतर हटाए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि उद्यान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को तेलीबांधा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ निगम और जोन क्षेत्र के अधिकारियों की टीम भी थी। इस दौरान सबसे पहले महापौर मैथिलीशरण गुप्त उद्यान पहुंची। इस उद्यान के निरीक्षण में उन्होंने पाया गया कि अत्यधिक संख्या में झूलों के लगने से उद्यान का क्षेत्रफल कम हो गया है। जिस कंपनी से निगम ने अनुबंध किया है, उसी के द्वारा उद्यान में कब्जा कर वहां झूले लगाए गए हैं। इन झूलों के कारण उद्यान में योगा, व्यायाम और पैदल घूमने-फिरने पहुंचने वाले लोगों के लिए भी जगह नहीं मिल पा रही है। महापौर ने कंपनी को चेतावनी देते हुए कहा कि 24 घंटे के दौरान उद्यान से झूले हटाए नहीं गए तो कंपनी के साथ हुए सभी अनुबंध निरस्त कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उद्यान जनता की धरोहर है, जो हमेशा रहेगा।

### तालाब परिसर में बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाने बॉर्डर लगेगा

*मीनल चौबे ने तालाब परिसर में गाड़ियों के प्रवेश पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने, अधिकारियों को निर्देश दिए कि तेलीबांधा पाथ-वे पर नेत्र चिकित्सालय के पास निर्मित पार्किंग एरिया से तेलीबांधा परिसर एंट्री में बॉर्डर लगाया जाए, ताकि बड़ी गाड़ियां तालाब परिसर में प्रवेश ना कर सके।*

### सार्वजनिक सुलभ शौचालय बंद पाया, तुरंत खोलने दिए निर्देश

*तेलीबांधा क्षेत्र के जल विहार कालोनी के निरीक्षण के दौरान महापौर ने सार्वजनिक सुलभ शौचालय को बंद पाया। उन्होंने इस शौचालय के बंद होने की जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को इसे तुरंत शुरू कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने तेलीबांधा परिसर में कंपनी द्वारा लगाए गए छोटे-छोटे क्योस्क अव्यवस्थित तरीके से स्थापित पाए। उन्होंने इसे लेकर भी कंपनी को व्यवस्थित रूप से स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि कंपनी ने जो भी अनियमिता की हैं, उसे तत्काल सुधरवाएं।*

## यू-ट्यूब से एटीएएम टेंपरिंग सीख कर खाताधारकों की रकम उड़ाने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका तथा आजाद चौक थाना क्षेत्र में एटीएम टेंपरिंग कर ग्राहकों के अकाउंट से रुपए चोरी करने के आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। एटीएम से पैसा कटने के बाद पैसा नहीं निकलने और अकाउंट से पैसा कटने की शिकायत मिलने पर बैंक प्रबंधन ने शिकायत थाने में की, तब पुलिस ने एटीएम में लगे सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने के बाद एटीएम टेंपरिंग करने वाले की पहचान कर गिरफ्तार किया। एटीएम टेंपरिंग कर रुपए चोरी करने के आरोप में पुलिस ने विश्वजीत सोमकुंवर को नागपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में विश्वजीत ने पुलिस को बताया है कि काले रंग के टेप तथा लाल रंग के रेडियम की मदद से वह ग्राहकों के एटीएम से पैसा चोरी करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन एटीएम, काले रंग की पट्टी के साथ रेडियम तथा अन्य सामान जब्त किया है। जालसाज ने राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के एटीएम को निशाना बनाकर ग्राहकों के एटीएम से रकम चोरी करने का अपराध कबूल किया है।



### ऐसे करता था एटीएम टेंपरिंग

विश्वजीत ने पुलिस को एटीएम टेंपरिंग करने का तरीका बताते हुए बताया कि टेंपरिंग करने काले रंग की पट्टी को एटीएम मशीन के मनी डिस्पेंसिंग (रकम निकालने वाले स्थान) पर चिपका देता था। ग्राहक द्वारा एटीएम में मनी विथड्रॉल का रिक्वेस्ट किया जाता था, एटीएम मशीन से रकम विथड्रॉ होती थी। मनी डिस्पेंसिंग में काले रंग की पट्टी लगी होने की वजह से एटीएम से निकली रकम उसी में फंस कर रह जाती थी। ग्राहक बैंक में शिकायत करने जाता था, तब जालसाज एटीएम से रकम चोरी कर लेता था।

### अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए मेगा प्लेसमेंट कैम्प 7 को

**रायपुर।** अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान के लिए 7 जुलाई को शासकीय आई.टी.आई विधानसभा रोड सड्डू में मेगा प्लेसमेंट कैंप है। यह कैंप सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उप संचालक डॉ शशीकला अतुलकर ने बताया कि यंग इंडिया के तत्वाधान में आयोजित कैंप में रामा उद्योग प्राइवेट, लिमिटेड, रिबाउंस एलएलपी रायपुर, शांता लिमिटेड, श्रीश्याम ऑटोमोटिव, सौरभ रोलिंग मिल, तिरूबाला केमिकल्स, राइस पेट्रोलियम, गीमबुक्स, रियल स्पात एवं पॉवर लिमिटेड, रोटोकास्ट इंड्रस्टीज, टचस्टोन सर्विस प्रा. लि., पसारी मिनरल्स, वी स्नैप यू मीडिया सर्विसेस, अग्रवाल चैनल मिल्स, रिलाएबल एग्रो ग्रुप, सन एंड सन इंफामेटिव, टॉप-अप सेंटर पेट्रोल स्टेशन आदि सहित 20 निजी संस्थानों भाग लेंगी।

## पेज 11 के शेष

### 6 साल से बंद...

कराने में कोई रुचि नहीं ले रहा है। इस तरह इस इमर्सिव डोम के निर्माण में किए गए करोड़ों रुपये भी बर्बाद होता नजर आ रहा है।

2016 में बने इमर्सिव डोम में लोगों ने 2018 तक देखी जादुई फिल्में: इमर्सिव डोम को वर्ष 2016 में बनाया गया। इसके बाद लगातार वर्ष 2018 तक इस इमर्सिव डोम में 5-डी जादुई फिल्में देखने के लिए लोगों की भीड़ भी पहुंचती रही। हर दिन डोम में दो शो होते थे, लेकिन इसके बाद अचानक तकनीकी खराबी के कारण जादुई फिल्मों के शो दिखाना बंद कर दिया गया। इसके बाद तकनीकी खराबी को सुधारना छोड़ डोम में ताला लगा दिया गया।

**बंद पड़े डोम में धीरे-धीरे स्क्रीन, प्रोजेक्टर, उपकरण खराब होकर कंडम हो गए:** इमर्सिव डोम में ताला लगने के बाद से थियेटर में लगी स्क्रीन, प्रोजेक्टर सहित अन्य उपकरण भी खराब होकर कंडम हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार स्क्रीन की कीमत ही 25 लाख रुपए के करीब बताई जा रही है, वहीं प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम, लाइटें, इनपुट डिवाइस सहित अन्य चीजें भी काफी महंगी हैं। इन चीजों पर लगभग एक से डेढ़ करोड़ रुपए खर्च आएगा।

**साइंस सेंटर को हैंडओवर करने संबंधी प्रस्ताव रिजेक्ट:** सड्डू स्थित साइंस सेंटर ने करीब डेड़ साल पहले एनआरडीए को इमर्सिव डोम को उन्हें हैंडओवर करने संबंधी प्रस्ताव भेजा था। यह प्रस्ताव साइंस सेंटर के डी वैज्ञानिक इंजी. अमित मेश्राम द्वारा भेजा गया था। इस प्रस्ताव पर एनआरडीए रुचि भी ले रहा था, लेकिन कुछ महीने बाद अचानक प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया गया। इसके बाद से इमर्सिव डोम को शुरू करने में एनआरडीए भी रुचि नहीं ले रहा है।

**बंद होने की बड़ी वजह बिजली बिल भी नहीं निकल पा रहा था शो से:** इमर्सिव डोम को बंद करने के पीछे बड़ी वजन यही मानी जा रही है कि इस शो से एनआरडीए को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। डोम के मेंटनेंस में हर माह 7 से 8 लाख रुपए खर्च हो रहे थे, वहीं फिल्म शो का टिकट 10 रुपए होने के कारण महीने में एक लाख रुपए की आय नहीं हो पा रही थी। इस तरह शो से डोम के बिजली बिल की राशि भी निकल नहीं पा रही थी।

### ट्रेन टिकट दलाली में...

आरपीएफ ने दुर्ग, भिलाई सहित छोटे कस्बों में भी छापेमारी कर कई जगहों से टिकट दलाली के नेटवर्क को उजागर किया है। कुछ गांवों से भी दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों के लिए ई-टिकट की दलाली की जा रही थी। रेलवे का मानना है कि देश के लगभग हर हिस्से से ई-टिकट की सुविधा के दुरुपयोग की शिकायतें मिल रही हैं। टिकट दलाल तकनीकी माध्यमों का गलत उपयोग कर बुकिंग में गड़बड़ी करते हैं और टिकटों की कालाबाजारी करते हैं। रेलवे के वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर छापेमारी कर इस अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। बावजूद इसके, हर साल दलालों की संख्या और उनके खिलाफ कार्रवाई के मामले बढ़ते जा रहे हैं।

### बादलों ने फिर...

हल्की बारिश होती रही। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में अब तक 202 मिमी. वर्षा होती है जो 129.9 मिमी. में सिमटी हुई है। राजधानी में भारी बारिश के कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। इधर बस्तर और सरगुजा तथा बिलासपुर संभाग में हुई भारी बारिश के बाद प्रदेश वर्षा की मात्रा 230 मिमी. तक पहुंच गई है जो 236 मिमी. से मात्र तीन प्रतिशत कम है।

*विभिन्न विवादों से घिरे हुए थे, शासन ने जारी किया आदेश*

# स्वास्थ्य संचालनालय में सालों से अटैच डीएमई के डाक्टर का अटैचमेंट समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य संचालनालय के महत्वपूर्ण पदों पर सालों से सेवा देने वाले मेडिकल एजूकेशन के डाक्टर का अटैचमेंट समाप्त कर दिया गया है। डॉ. कमलेश जैन के पास 108 संजीवनी सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रभार था, जिसे लेकर पिछले कुछ समय से विवादों की स्थिति बनी हुई थी। जारी आदेश के बाद उन्हें शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में अपनी सेवा देनी होगी।

डॉ. जैन शासकीय मेडिकल कालेज में संविदा आधार पर सह प्राध्यापक के रूप में पदस्थ हुए थे और सालों से संचालनालय स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत अटैचमेंट में अपनी सेवाएं दे रहे थे। सामान्यतः डीएमई के अंतर्गत सेवा देने वाले चिकित्सकों का डीएचएस के अंतर्गत संलग्नीकरण नहीं होता। डॉ. कमलेश जैन इसके अपवाद थे और राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन के लिए कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई थीं। हाल ही उन्हें 108 संजीवनी सेवा एवं ग्रामीण चलित चिकित्सा इकाई (आरएमएमयू)का राज्य नोडल अधिकारी बनाया गया था। दोनों योजनाओं के टेंडर को लेकर विभिन्न तरह की विवाद सामने आए थे और कंपनी विशेष को लाभ पहुंचाने के लिये नियम बनाए जाने के आरोप भी लगे थे। स्थानीय और छोटी कंपनियों ने आरोप लगाया था कि कंपनी विशेष को ध्यान में रखते हुए ऐसा नियम बनाया गया था कि अन्य कंपनियां इसकी पात्र नहीं हो पाई थी। इसके बाद नंबरिंग के आधार पर खेल किया गया था। इसके पूर्व उन पर चिकित्सा महाविद्यालय के डीन के साथ प्रमोशन को लेकर विवाद किए जाने का मामला भी सामने आया था। साथ ही कुछ अन्य मामलों को लेकर भी डॉ. जैन आरोपों से घिरे हुए थे और उनकी शिकायत शासन तक पहुंची थी। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में विभागीय स्तर पर आंतरिक रूप से जांच हुई थी। जिसके बाद ऊपरी स्तर पर मिले निर्देश के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उनकी संलग्नीकरण को समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया।



### // ईश्तहार //

पत्र क्रं /21891/ न.पा.नि./ जोन क्रं-10/2025
रायपुर, दिनांक 01.07.2025
नामंतरण प्र.क्र. 21891
वार्ड का नाम 50 पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446N01278 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती M.K.R. CREATION NAVEEN NAGWANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O HARJAS RAY NAGWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती RAGINI VERMA AND NIDHI SHRIVASTAV पिता/ पति श्री/श्रीमती W/O RAJESH VERMA AND RAHUL VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

"सूचना जारी करे"
श्री विवेकानंद दुबे
(जोन कमिश्नर), जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 03.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ..... प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक/ आवेदिका अशोक कुमार पटेल पिता रामनिरंजन पटेल निवासी अम्लेश्वर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 637/12 रकबा 0.033 हे. के सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/ वर्ष 2025 आदेश दिनांक 13.06.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 10.07.2025 को समय 3:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

रा.नि.मं. रायपुर 20
तहसील - रायपुर

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्री शिव कुमार, कल्याणी दोनो पिता स्व. संतराम, श्रीमती पार्वती बेवा स्व. संतराम सभी निवासी ग्राम चेरिया प.ह.नं. 00028, तह. गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग के हित, हक व आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा चेरिया, प.ह.न. 00001, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका पटवारी अभिलेख के अनुसार खसरा नंबर 66 रकबा 0.1200 हे. भूमि को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है। जिसमे से कुछ भूमि का विक्रय बैनामा का पंजीयन हो गया है शेष भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य किसी को किसी भी प्रकार से उजर, दावा, आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 04/07/2025

भवदीय
अनुराग शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर,
तपन साहा, निलय शर्मा, विकास नाथ,
रोहित कुमार ध्रुव अधिवक्तागण
मो. नं. 8815131727, 9425515288

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्री इंदुराम पाल, पुनीत पाल, मनी पाल, हीरा पाल, पुनिया पाल, पुनम पाल सभी पिता स्व. खेदु पाल सभी निवासी ग्राम चेरिया प.ह.नं. 00028, तह. गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग के हित, हक व आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा चेरिया, प.ह.न. 00001, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, जिसका पटवारी अभिलेख के अनुसार खसरा नंबर 65 रकबा 0.8600 हे. भूमि को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है। जिसमे से कुछ भूमि का विक्रय बैनामा का पंजीयन हो गया है शेष भूमि का विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन की कार्यवाही शेष है। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य किसी को किसी भी प्रकार से उजर, दावा, आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई दावा आपत्ति शून्य माना जावेगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 04/07/2025

भवदीय
अनुराग शर्मा, देवेन्द्र सिंह ठाकुर,
तपन साहा, निलय शर्मा, विकास नाथ,
रोहित कुमार ध्रुव अधिवक्तागण
मो. नं. 8815131727, 9425515288

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी,
वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
(MBBS, MS Surgery)
Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाईल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स,
पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्रीन आर्मी का व्यापक वृक्षारोपण अभियान जारी

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा मानसून 2025 में शहरभर में व्यापक वृक्षारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। संस्था के सदस्यों द्वारा प्रत्येक सप्ताह विभिन्न जोन में पौधारोपण किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और रायपुर को स्वच्छ तथा हरा-भरा शहर बनाना है। संस्था ने इस मानसून सत्र में अब तक अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर सफलतापूर्वक वृक्षारोपण किया है। इनमें प्रमुख रूप से पुरैना मुक्तिधाम, अमलीडीह, तिरंगा तिराहा, हाईस्कूल पथरी, पं. रविशंकर विवि, आईटीआई, हिमालयन हाइट्स देवपुरी, जेएन पांडेय स्कूल, बैजनाथपारा, नीम कॉरिडोर, कबीर नगर टाटीबंध जोन, दुर्गा जैन धरसींवा स्कूल टाटीबंध में पौधे लगाए हैं। पौधरोपण के साथ-साथ, ग्रीन आर्मी इनकी उचित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इसके तहत गड्ढे तैयार करने, तार फेंसिंग लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का कार्य भी लगातार जारी है, ताकि उनकी उत्तरजीविता दर अधिकतम हो सके। आगामी दिनों में सोनडोंगरी मुक्तिधाम में 10000 पौधे और देवपुरी डेंस फॉरेस्ट में 8000 पौधे लगाने की योजना है।

### जालसाजों को किराए पर दिया अकाउंट, आठ गिरफ्तार



**रायपुर।** शेयर ट्रेडिंग, डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य प्रकार के झांसा देकर ठगी करने वाले ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। ठगों को अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस ने रायपुर निवासी राजेश तांडी, शब्बीर खान, अजय तांडी, गजेंद्र ध्रुव, जीतेश दास, किशोर छाबड़ा, सचिन लिल्हारे तथा अब्दुल गनी मेमन को गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जालसाजों को किराए पर बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे।

### जीपीएस चालू न करने के विवाद पर ड्राइवर को पीटा

**रायपुर।** माना थाने में एक बस ड्राइवर ने अपने बस मालिक के खिलाफ जीपीएस चालू नहीं करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ट्रैवल्स के बस ड्राइवर साहिल साहू ने अपने मालिक साहिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बस ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वह पिछले महीने 28 जून को सवारी लेकर अंबिकापुर गया था। अंबिकापुर से 2 जुलाई को वापस लौटने के बाद ड्राइवर अपने मालिक से मिलने ऑफिस पहुंचा तो बस मालिक ने अपने ड्राइवर पर जीपीएस चालू नहीं करने का आरोप लगाते हुए उसकी बेल्ट से बुरी तरह से पिटाई की।

# आयुष्मान क्लेम की कटाई-छंटाई में टीपीए कंपनियों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के क्लेम के ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियों द्वारा दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने की वजह से तीसरी बार निविदा की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। नवा रायपुर में ऑफिस के लिए 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला पड़ रहा है। वहीं स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस बनाए जाने से अनावश्यक दखलंदाजी बढ़ने के अंदेशे से कई कंपनियां इसके लिए दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं।

आयुष्मान योजनाओं में मरीजों के निशुल्क इलाज के बाद अस्पतालों से आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम स्वास्थ्य संचालनालय की स्टेट नोडल एजेंसी थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन (टीपीए) द्वारा कराया जाता है। पिछले तीन महीने से आडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और नयी कंपनी तय करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में यह काम सिटी ऑफिस में पूरा हो जाता था और ऑडिट के लिए कम खर्च में ही एमबीबीएस के डाक्टर पार्ट टाइम जॉब के रूप में मिल जाते थे। नयी शर्तों के अनुसार टीपीए द्वारा प्रोसेसिंग का काम नवा रायपर स्थित स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय से किया जाना है। इसके लिए अनुबंधित कंपनी को 80 डाक्टरों की व्यवस्था करनी पड़ेगी।

फुल टाइम सेवा की वजह से डाक्टरों की नियुक्ति के लिए ज्यादा वेतन खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा दूसरी बड़ी बात एसएनए के कैंपस में ऑडिट होने से अनावश्यक रूप से अफसरों की दखलंदाजी की आशंका है। इसकी वजह से टीपीए कंपनियां इस टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने से पीछे हट रही हैं और आयुष्मान योजना के आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस बार की टेंडर प्रक्रिया में केवल दो एजेंसी के शामिल होने की वजह से तीसरी बार ज्यादा कंपनियों की भागीदारी की आस में तारीख बढ़ा दी गई है।

## नवा रायपुर में ऑफिस, 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला

खास खबर

### 29 मई से शुरू हुई प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के प्रोसेसिंग कार्य के लिए राज्य की नोडल एजेंसी ने 29 मई 2025 को निविदा जारी की थी। इसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून तय की गई थी। तकनीकी कारणों का हवाला देकर टेंडर ओपन करने की तारीख 28 जून तक बढ़ाई गई और इसी दिन निविदा खोलना तय किया गया था, जिसे 30 जून किया गया। टेंडर में केवल दो कंपनियों द्वारा भागीदारी निभाने की वजह से अब निविदा की तिथि पुनः बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी गई है।




- एसएनए कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस से दखल बढ़ने का अंदेशा, कई कंपनियां पीछे हटीं
- तीसरी बार बढ़ाई निविदा की तारीख

*फंसे हुए हैं आठ सौ करोड़ : इधर अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्लेम ऑडिट नहीं होने की वजह से निजी अस्पतालों को भी राशि का सही तरीके से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठन भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।*

## बगैर अनुमति रात में सड़कों की खुदाई कर बिछाया जा रहा केबल

# मध्यप्रदेश से लाकर नाबालिगों से मजदूरी दो रेस्क्यू, एयरटेल के ठेकेदार पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां नगर निगम से बगैर अनुमति लिए मोबाइल केबल कंपनियों द्वारा अवैध रूप से सड़कों की खुदाई कर केबल बिछाने का काम चल रहा हैं, वहीं दूसरी ओर केबल कंपनियों के ठेकेदार अब खुदाई और केबल बिछाने के लिए दूसरे राज्यों से नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर यहां बुला रहे हैं और रातभर उनसे अवैध रूप से केबल बिछाने का कार्य करा रहे हैं। नाबालिगों से रात में कराए जा रहे काम की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास, बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कुछ दिन पहले देर रात में पंडरी क्षेत्र में छापा मारा था। इस दौरान दो नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू भी किया गया था, जो एयरटेल कंपनी का केबल बिछाने का कार्य कर रहे थे। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने अब थाने में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर कराई है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि 30 जून को सूचना मिली थी कि पंडरी क्षेत्र में देर रात को केबल बिछाने का कार्य नाबालिग लड़कों से कराया जा रहा है। इस सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला बाल संरक्षण और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रात में छापा मारने की योजना बनाई। रात करीब 2 बजे टीम पंडरी पहुंची, जहां माता गैरेज के पास केबल बिछाए जाने का काम चल रहा था। इस कार्य में लगे लोगों में दो नाबालिग निकले। पूछताछ पर लड़कों ने अपनी उम्र 17 वर्ष बताई, जिसके बाद टीम ने दोनों लड़कों को रेस्क्यू कर बाल संरक्षण केंद्र भेजा है, वहीं इन नाबालिगों से मौके पर कार्य कराने वाले सत्यम सिंघम एवं शुभम बंसल सहित ठेकेदार बंटी यादव के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर कराई गई है। सत्यम और शुभम दोनों मूलतः ग्वालियर मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं।

*बगैर अनुमति के बिछाया जा रहा केबल : नाबालिग बच्चों के रेस्क्यू की घटना में इस क्षेत्र में बगैर निगम अनुमति के केबल बिछाए जाने का मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि केबल कंपनी के ठेकेदार रात के समय में चोरी छिपे केबल बिछाने का कार्य चल रहा है। इसकी जानकारी वार्ड पार्षद से लेकर जोन अधिकारियों को भी है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।*


फाइल फोटो

*इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज : सिविल लाईन पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार और उनके सहयोगियों के विरुद्ध धारा बीएनएस 146, 143-5 के अलावा किशोर न्याय एक्ट 2015 के तहत धारा 79, बालक श्रम एक्ट 1986 के तहत धारा 3 एवं 14 के तहत अपराध दर्ज किया है।*

### पैसों का लालच देकर ग्राम मड़खेड़ा मध्यप्रदेश से लाए गए थे नाबालिग

*जिन नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू किया गया है, उन दोनों को ठेकेदार बंटी पैसों का लालच देकर रायपुर लाया था। विभाग के अनुसार इन दोनों को 14-14 हजार रुपए वेतन देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें मात्र 5 हजार रुपए एडवांस राशि दी गई थी। इसके अलावा अन्य कोई राशि नहीं दी गई है। दोनों लड़के एडवांस राशि से ही अपना गुजर-बसर कर रहे थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अच्छा वेतन देने का प्रलोभन देकर दूसरे राज्यों से नाबालिगों को बुलाया जाता है, लेकिन काम कराने के बाद उन्हें कम वेतन देकर उनका शोषण भी किया जाता है।*

### पाइप लाइन क्षतिग्रस्त के मामले आ चुके हैं सामने

अवैध रूप से केबल बिछाए जाने के कारण निगम की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं। न्यू राजेंद्रनगर में केबल कंपनी के ठेकेदारों की लापरवाही के कारण दो स्थानों पर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे सुधारने का काम निगम को करना पड़ा था, लेकिन निगम कर्मियों ने भी पाइप लाइन को ठीक करने के बाद खुदी सड़क को मिट्टी से पाटकर छोड़ दिए हैं, जिसके कारण बारिश में इस मार्ग पर कीचड़ होने से चलना मुश्किल हो रहा है। साइकिल, दोपहिया वाहन भी स्लीप हो रही हैं। इस तरह शहर में कई क्षेत्र हैं जहां कंपनियों के ठेकेदारों की लापरवाही से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुए हैं, लेकिन उन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# मनोरोग विभाग में दो महीने से शिक्षक नहीं, चिकित्सा छात्रों की बढ़ी टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- बाधित हो रही पढ़ाई, मरीजों का इलाज और रिसर्च भी प्रभावित
- राजधानी आकर डीएमई से मिले रायगढ़ मेडिकल कालेज के छात्र

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ के मनोरोग विभाग में पिछले दो महीने से प्राध्यापक नहीं होने से वहां के छात्रों का मानसिक तनाव बढ़ गया है। विद्यार्थियों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षक नहीं होने की वजह से उनकी पढ़ाई और शोध के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और विभाग में आने वाले मरीजों को इलाज के लिए बिलासपुर भेजना पड़ रहा है।

रायगढ़ मेडिकल कालेज के छात्र और सीजीडीएफ के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को चिकित्सा शिक्षा संचालक को ज्ञापन सौंपकर विभाग में तत्काल चिकित्सा शिक्षक की नियुक्ति करने की मांग की है। छात्रों ने बताया कि स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मनोरोग विभाग में पिछले दो महीने छात्रों की पढ़ाई और शोधकार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा मनोरोग विभाग की ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले नए मरीजों की जांच और उनके इलाज में परेशानी हो रही है। विभाग की आईपीडी पूरी तरह से बंद हो चुकी है और आने वाले मरीजों को इलाज के लिए बिलासपुर के सेंदरी भेजना पड़ता है। इसकी वजह से एनएमएस की गाइडलाइन के अनुसार 6 माह में होने वाला फार्मेटिव असेसमेंट जो अप्रैल में होना था, वह अब तक नहीं हो पाया है। चिकित्सा छात्रों का कहना है कि इस समस्या के बारे में मेडिकल कालेज डीन को दो महीने पहले जानकारी दी गई थी, मगर अब उनके लिए शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है। छात्रों को डीएमई की ओर शीघ्र ही चिकित्सा शिक्षक का इंतजाम करने का आश्वासन दिया गया है।

# झूठा प्रकरण दर्ज कराने वालों पर काउंटर केस बनाने डायोसिस की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

सिविल लाइन थाने में झूठा केस दर्ज कराने वालों के खिलाफ काउंटर प्रकरण दर्ज करने की मांग अब तूल पकड़ने लगी है। छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की अध्यक्ष द राइट रेव्ह सुषमा कुमार, उपाध्यक्ष रेव्ह समीर फ्रैंकलीन, प्रवक्ता डीकन मनशीश केजू ने बताया कि पुरानी कार्यकारिणी द्वारा 19 जून को सिविल लाइन थाने में झूठा प्रकरण दर्ज कराते हुए डायोसिस बोर्ड ऑफ एजूकेशन से जुड़े दो प्रमुख स्कूलों की साख धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी डायोसिस से जुड़े मनशीश केजू ने दिया। इसमें सीजी बोर्ड सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रभारी प्राचार्य किरण सिंग और सेंट पॉल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रभारी प्राचार्य पल्लवी मिंज शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को झूठी और गुमराह करते हुए भ्रामक जानकारी देते हुए अजय जॉन, व्ही नागराजू, यशराज सिंग, वीनू बेनेट एवं निलिमा राबिन्स द्वारा केस दर्ज कराया गया है। मामले में सिविल लाइन थाना प्रभारी से काउंटर प्रकरण बनाने की मांग करते हैं, क्योंकि केस दर्ज कराने का आधार रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसाइटी की धारा 27 के तहत 22.09.2022 को आधार बनाया है। इसमें नितिन लॉरेन्स एवं जयदीप रॉबिन्सन पदाधिकारी नहीं एवं गलत लेटर पेड इस्तेमाल करके हुए उस पद पर होना बताया है, जिस पर दोनों हैं ही नहीं। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस काउंटर प्रकरण दर्ज करें, तो सच्चाई सामने आएगी।



### 'फन फिएस्टा' में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर

**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नया रायपुर में शुक्रवार को बच्चों के लिए एक रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम 'फन फिएस्टा' का आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें रायपुर शहर के विभिन्न स्कूलों के 3 वर्ष और उससे अधिक आयुवर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, मजेदार खेलों और नृत्य जैसी कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य नन्हे प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। रंगबिरंगी सजावट से सजाया गया था, सभी प्रतिभागियों के लिए यह दिन अविस्मरणीय बना गया था। यह आयोजन ऐमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी नेतृत्व और उनके समग्र विकास के दृष्टिकोण का प्रतिफल था। कार्यक्रम में अर्पिता मजूमदार का योगदान सराहनीय रहा।

# सूदखोर तोमर भाई कर्जदारों से दैनिक और साप्ताहिक के साथ मासिक उगाही करते थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी की आड़ में अवैध वसूली करने वाले तोमर भाइयों का एक ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें रोहित तोमर अपने एक कर्जदार को साप्ताहिक के साथ दैनिक ब्याज की रकम समय पर नहीं देने की बात पर गाली-गलौज कर रहा है। रोहित तोमर पीड़ित के साथ जब गाली-गलौज कर रहा था, उस समय घर की एक महिला मौके पर उपस्थित थी। रोहित जिसके साथ गाली-गलौज कर रहा था, उस व्यक्ति ने ऑडियो रिकार्ड कर पुलिस को सौंपा है।

पुरानी बस्ती थाने में पिछले दिनों खमतराई, भनपुरी निवासी होटल कारोबारी गजानंद सिंह ने दोनों सूदखोर तोमर भाई के साथ उनका भतीजा तथा दो अन्य के खिलाफ जबरन वसूली तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसी ने रोहित तोमर के धमकी तथा गाली-गलौज करने का ऑडियो टेप पुलिस को दिया है। गजानंद सूदखोर भाइयों से वर्ष 2022 में 15 लाख कर्ज लेकर वर्ष 2024 तक 51 लाख रुपए दे चुका है। बावजूद इसके तोमर भाई और उसके गुर्गे मूलधन तथा ब्याज की बकाया रकम बाकी होने की धमकी देकर जबरन वसूली कर रहे थे।

- वसूली के लिए रोहित का धमकाने का ऑडियो वायरल
- सूदखोर तोमर भाई अब तक पुलिस पकड़ से बाहर


तोमर भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस, नहीं मिला अब तक किसी प्रकार का सुराग
तोमर ब्रदर्स ने सूदखोरी और वसूली के लिए पाले थे 37 गुंडे, इनमें से 25 गायब

### आदमी भेजकर कर्ज लेने प्रेरित किया था

गजानंद ने पुलिस को बताया है कि होटल व्यवसाय में नुकसान होने के बाद उसे पैसों की जरूरत थी। सिविल स्कोर खराब होने की वजह से गजानंद को बैंक से कर्ज नहीं मिल रहा था। इस बात की जानकारी मिलने पर रोहित ने अपने एक आदमी को गजानंद के पास भेजा। भेजे गए आदमी की मदद से गजानंद ने रोहित तोमर से मुलाकात की।

### कोरा चेक, प्रॉपर्टी के पेपर पर साइन कराने के बाद कर्ज

गजानंद ने पुलिस को बताया है कि रोहित तोमर ने स्वयं 15 लाख रुपए देने की पेशकस करते हुए उससे प्रॉपर्टी के साथ एक चेक पर साइन कराकर अपने पास रख लिया। कर्ज लेने के शुरूआत के दो महीनों में गजानंद को किसी तरह से कोई परेशानी नहीं आई। दो माह के बाद रोहित तोमर तथा उसके भाई संपत्ति कब्जा करने की धमकी के साथ चेक बाउंस कराकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर जबरन उगाही करने लगे।

### डराने के बाद मनमानी वसूली

वायरल ऑडियो में रोहित, गजानंद को कॉल कर दैनिक के साथ साप्ताहिक ब्याज की रकम समय पर नहीं देने का आरोप लगाते हुए गजानंद के साथ गाली-गलौज करता है। रोहित, गजानंद को जब धमता रहा था। उस समय मौके पर एक महिला की आवाज वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही है। साथ ही समय पर ब्याज की रकम नहीं देने पर सूदखोर रोहित, गजानंद को मारने पिटने की धमकी दे रहा है।

### कर्ज चुकाने दूसरे से कर्ज लिया

रोहित के टॉर्चर से गजानंद सिंह लगातार परेशान हो गया था। सूदखोर भाईयों की प्रताड़ना से तंग आकर दूसरों से रुपए उधार लेकर सूदखोर भाइयों को दिया। इसके बाद भी प्रताड़ना जारी रहा तो गजानंद ने खुदकुशी करने का मन बना लिया था।

### कावरे ने एक माह में दी अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर।** संभागायुक्त महादेव कावरे ने संवेदनशील प्रशासन का परिचय देते हुए शासकीय सेवक स्व. रायसिंह कतलाम की आश्रित बेटी कुमारी मंजू धुर्वे के आवेदन पर एक माह के भीतर उसे अनुकंपा नियुक्ति दी है। उनके पिता का 19 मई 2025 को निधन हुआ था, जिसके बाद मंजू ने 13 जून को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया।

मंजू के पिता के निधन के पश्चात उसके परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य शासन के निर्देश के तहत तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ मंजू को शासकीय सेवा में शामिल किया गया है। नियुक्त पदस्थापना के लिए आवश्यक पुलिस सत्यापन, चिकित्सकीय परीक्षण एवं सेवा शर्तों की पूर्ति अनिवार्य होगी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# चैंबर भवन में सायबर जागरूकता कार्यशाला, शामिल हुए कारोबारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 4 जुलाई को चैंबर कार्यालय-चौ. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बॉम्बे मार्केट में व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाने के लिए एक सफल साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का उद्देश्य व्यापारियों को वर्तमान साइबर खतरों और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में शिक्षित करना है, जिसमें उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर क्राइम ब्रांच से सतीश पुरिया शामिल हुए।

उन्होंने व्यापारियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को डिजिटल खतरों से बचाने में काफी मदद मिलेगी।

## बिजनेस साइट

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में पैरामेडिक्स के लिए एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल पैरामेडिक्स और आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियनों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। 'फर्स्ट टू रिस्पॉन्ड, फर्स्ट टू सेव' विषय पर आधारित इस कार्यशाला का उद्देश्य जीवनरक्षक प्रक्रियाओं में पैरामेडिक्स की दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करना था, जिसमें रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पैरामेडिक्स, नर्सिंग स्टाफ और इमरजेंसी विभाग के सदस्य शामिल हुए। कार्यशाला का नेतृत्व अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे एवं आपातकालीन विभाग के प्रमुख डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया। डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 'पहले रिस्पॉन्डर' की भूमिका निर्णायक होती है और अगर वह सही समय पर सही कदम उठाए तो कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।



हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



सावन में घरों पर अभिषेक-रुद्राभिषेक ....

**जॉब लाइव**

## इंडियन नेवी में ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के पदों पर भर्ती, 18 जुलाई अंतिम तिथि



**रायपुर।** इंडियन नेवी ने ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया है। अगर आप भी इंडियन नेवी में नौकरी करना चाहते हैं तो यह आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। दरअसल इंडियन नेवी ने स्टाफ नर्स, चार्जमैन, पेस्ट कंट्रोल वर्कर, मल्टी टास्किंग स्टाफ सहित कुल 1110 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 5 जुलाई से शुरू हो जाएगी। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 18 जुलाई रात 11.50 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अगर आप भी इंडियन नेवी में ग्रुप-बी और ग्रुप-सी के पदों पर आवेदन करना चाहते हैं तो आप एप्लीकेशन विंडो एक्टिव होने के बाद तुरंत ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट joinindi-annavy.gov.in पर जाकर विजिट कर सकते हैं।

### अधिकतम आयु 50 वर्ष तक निर्धारित की गई है

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की पदानुसार न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 50 वर्ष निर्धारित की गई है। कुछ विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में तीन वर्ष की छूट भी प्रदान की जाएगी।ग्रुप-बी और ग्रुप-सी की भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन फीस का भुगतान करना होगा। सामान्य वर्ग, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 295 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट प्रदान की गई है। ग्रुप-सी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं, बारहवीं और स्नातक में (विज्ञान, भौतिकी और रसायन) विज्ञान से डिग्री प्राप्त की हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास पदानुसार अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी जरूरी है। उम्मीदवारों का चयन स्क्रीनिंग एप्लीकेशन और लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

● आर्टिस्ट एक महीने की नेचुरल प्रोसेस के बाद इंप्रेशन पाउडर-लिक्विड और क्ले से तैयार कर रहे हाथ-पैरों की लकीरें

# हाथ-पैरों की छाप में संजो रहे यादें, थ्रीडी लाइफकास्टिंग बना रहा खास लम्हों का तोहफा

*शहर में 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स का नया ट्रेंड शुरू हुआ है। लाइफकास्टिंग आर्ट्स के जरिए लोग अपने और फैमिली मेंबर्स के हाथ-पैरों की अलग-अलग थीम व डिजाइन में नमूने बनवाकर स्मृति चिन्ह के तौर पर घरों में संजोकर रख रहे हैं। इस आर्ट्स का कपल्स, पहली बार माता-पिता बने दंपत्ति, ज्वाइंट फैमिली में काफी देखा जा रहा है।*



### यूट्यूब से सीखी, अब विदेशों तक पहुंचा रहीं हुनर

आर्टिस्ट मनीत खनूजा ने बताया कि शहर की ऐसी फैमिली के सदस्य, जो विदेशों में रहते हैं, वे भी अप्रोच कर 3-डी लाइफकास्टिंग बनवा रहे हैं। पिछले 3 साल में लाइफकास्टिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। महीने में कम से कम 8 से 10 लोगों से एडवांस में लाइफकास्टिंग का ऑर्डर मिल जा रहा है। उन्होंने यूट्यूब से देखकर इस आर्ट्स को सीखा और खुद का लाइफकास्टिंग स्टूडियो शुरू किया है।

**रायपुर।** शहर में 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स की आर्टिस्ट मनीत खनूजा से बातचीत कर इस आर्ट्स के बारे में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि यह विशेष तरह के एक इंप्रेशन पाउडर व लिक्विड, क्ले से लोगों के हाथ-पैरों की लकीरें, नाखूनों की स्पष्ट प्रतिरूप को ठोस अवस्था में जीवंत प्रतीक चिन्ह में क्रॉफ्टिंग व फ्रेमिंग करने की कला है। इस आर्ट्स से आजकल नवजात शिशु के जन्म के तुरंत बाद उनके स्वागत के लिए समय-तिथि, नाम के साथ 3-डी लाइफकास्टिंग से




उनके हाथ-पैरों के स्मृति चिन्ह व पूरे फैमिली के हाथ, पैरों का 3-डी लाइफकास्टिंग आर्ट्स फ्रेमिंग बनवा रहे हैं। वहीं कपल्स सगाई, विवाह, गृहप्रवेश के शुभ अवसरों को अनंत यादगार पल के रूप में प्रतीक रूप में सहेजने एक-दूसरे के हाथों में हाथ की बॉडिंग के स्मृति चिन्ह बनवा रहे हैं तो गृह प्रवेश के समय पैरों के नमूनों को कपल्स कास्ट करा रहे हैं। वहीं कुछ लोग अपने फैमिली के बुजुर्गों जैसे दादा, दादी, नाना, नानी, माता, पिता के हाथ, पैरों का पूजा व आशीर्वाद के लिए हमेशा यादगार के तौर पर लाइफकास्टिंग स्मृति चिन्ह बनवा रहे हैं।




### कास्ट 4500 रुपए से शुरू

शहर की लाइफकास्टिंग 3-डी आर्टिस्ट बताती हैं कि एक हाथ एवं पैरों के 3-डी लाइफकास्टिंग नमूना बनाने उसमें तारीख, टाइमिंग, नाम के साथ फ्रेमिंग की कास्ट 4500 रुपए तक न्यूनतम लगती है, जबकि दोनों हाथों, दोनों पैरों की 3-डी लाइफकास्टिंग नमूना तैयार करने के साथ-साथ नाम, तारीख, समय के साथ फ्रेमिंग का कास्ट अधिकतम 7700 रुपए तक लग जाता है। आर्टिस्ट द्वारा फ्रेमिंग, लाइफकास्टिंग नमूना तैयार करने के लिए यूज मेटेरियल्स व प्रोसेस के हिसाब से देखें तो यह न्यूनतम कास्ट चार्ज है।



### 3-डी लाइफकास्टिंग में एक महीने की प्रोसेस

आर्टिस्ट मनीत खनूजा ने बताया कि अप्रोच करने वाले फैमिली के सदस्यों के हाथ-पैर का लाइफकास्ट तैयार करने के लिए सबसे पहले इंप्रेशन पाउडर व लिक्विड, क्ले तैयार कर उसी फ्रेम में हाथ-पैरों के नमूने लेते हैं। इसमें हाथ, पैरों की लकीरें, नाखूनों, अंगूठी, ब्रेसलेट की स्पष्ट प्रतिरूप कास्ट करते हैं। सूर्य की रोशनी में नेचुरल तरीके से कास्ट किए नमूने को सुखाने, कलर करने और फ्रेमिंग में पूरे एक महीने की प्रोसेस लगती है, तब जाकर लाइफकास्टिंग 3-डी आर्ट्स कास्ट होता है। शहर में पिछले 3 साल में लाइफकास्टिंग का ट्रेंड काफी बढ़ गया है।




**सिटी लाइव**

## विदेशी-रीजनल लैंग्वेज सीखने युवाओं में बढ़ा क्रेज, ले रहे सर्टिफिकेट कोर्स




**रायपुर।** विदेशी भाषा सीखना पर्सनैलिटी व कॅरियर दोनों की दृष्टि से युवाओं में काफी ट्रेंड कर रहा है। इसके लिए वे लोकल व विदेशी भाषा बोलना सीख रहे हैं। वे लैंग्वेज लर्निंग क्लासेस के साथ-साथ संस्थानों से लैंग्वेज में डिप्लोमा कोर्सेस भी कर रहे हैं। लोकल व विदेशी भाषाओं को सीखना खासतौर पर उन लोगों के लिए कॅरियर की नई उड़ान भरने का मौका है, जो विदेश या इंटरस्टेट पढ़ाई, नौकरी या टूर आदि के लिए जाना चाहते हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां, ट्रैवल्स कंपनियां, पांच सितारा होटल और आईटी कंपनियां विदेशी भाषा के अच्छे जानकार युवाओं की खोज में हैं। एमबीए और बीबीए की पढ़ाई कराने वाले संस्थानों में भी छात्रों को एक विदेशी भाषा सिखाने का प्रचलन जोरों पर है। इनमें फ्रेंच, स्पैनिश, इटेलियन, जर्मन, रशियन, जैपनीज और कोरियन जैसी भाषाएं प्रमुख हैं। वहीं रीजनल लैंग्वेज में बात करें तो मराठी, गुजराती, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी, तमिल जैसी भाषाओं को लेकर भी डिमांड है। इस क्षेत्र में रोजगार की कोई कमी नहीं है। विदेशी भाषाओं में कोर्स करने के बाद हेल्थकेयर, शिक्षा, टूरिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, दूतावासों एवं देश के विभिन्न संस्थानों में रोगगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

### छत्तीसगढ़ी भाषा सीख रहे युवा

शहर के लैंग्वेज एक्सपर्ट विनय अग्रवाल का कहना है कि छत्तीसगढ़ी भाषा में भी स्थानीय युवाओं में अच्छी रुचि कुछ वर्षों में देखने को मिली है। इसके अलावा प्रदेश में दूसरे राज्यों से पढ़ाई, जॉब करने आए युवा भी स्थानीय संस्थानों से छत्तीसगढ़ी व हिंदी भाषा में डिग्री, डिप्लोमा ले रहे हैं। साथ-साथ सामान्य बोलचाल की स्थानीय भाषा के लिए लैंग्वेज लर्निंग क्लासेस में लैंग्वेज एक्सपर्ट की मदद ले रहे हैं। एक्सपर्ट ने बताया कि कई अधिकारी-कर्मचारी भी छत्तीसगढ़ी भाषा में सरकारी कामकाज की मांग उठ रही है।

### बेहतर कम्युनिकेशन के लिए जरूरी स्किल

विदेशी भाषा पर कमांड और बेहतर कम्युनिकेशन स्किल इस क्षेत्र में कामयाबी के कई रास्ते दिखाती है। अगर अनुवादक बनना चाहते हैं तो विदेशी भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी या हिंदी पर भी पकड़ होनी चाहिए। साथ ही उसका व्याकरण संरचना और उससे जुड़ी संस्कृति व इतिहास की भी जानकारी होनी चाहिए। स्कूली शिक्षा के दौरान कोई एक देशी या विदेशी भाषा एक विषय के रूप में पढ़ सकते हैं। 12वीं के बाद आप डिग्री डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं, जो कि 6 से 12 या 18 माह को कोर्सेस हो सकते हैं। विभिन्न विश्वविद्यालयों से पार्ट टाइम या फुल टाइम सर्टिफिकेट कोर्स भी कर सकते हैं।

## रिश्तों की डोर को मजबूत करने 'मैं और मेरी परछाई' थीम पर सजाया मंच

**रायपुर।** जी हां दोस्तों, मैं और मेरी परछाई वामा मेंबर्स में छिपे टैलेंट को सामने लाने के लिए एक पहल है। इसे जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल के 15वें फाउंडेशन डे पर आयोजन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया है। कुछ इसी तरह के संवादों से शुक्रवार को जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल ने सेलिब्रेशन शुरू किया। 2010 में इस संस्था की नींव रखी गई और अब 15वें वर्ष में संस्था प्रवेश किया है। मैं और मेरी परछाई बेस्ड प्रोग्राम में वामा मेंबर्स ने जोड़ी के रूप में परफॉर्म किया। इसमें एक वामा मेंबर और दूसरी जोड़ी के फैमिली मेंबर- बेटी, बहन, मौसी, देवरानी, जेठानी, भाभी, सासू मां ने भी अलग-अलग राउंड में तय किए गए गेम्स में छिपी हुई प्रतिभा को मंच पर साझा किया।





### वामा ने थमने नहीं दिया मंच का उत्साह

*फाउंडेशन डे को खास बनाने और प्रतियोगिता में भाग लेने की प्रबल भावना ने उत्साह का संचार किया। सामने बैठकर प्रोग्राम न देखते हुए स्टेज पर आने का मन प्रतिभागियों ने बना लिया और इसे वामा की मेंबर्स ने भी थमने नहीं दिया। प्रोग्राम के दौरान कई तरह की एक्साइड, एक मिनट के गेम्स, एक मिनट के अंदर में गानों की लिस्ट, बैलून गेम्स का हिस्सा बनने का अवसर दिया गया। यह सिलसिला शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चलता रहा। इसे सफल बनाने में वामा की मेंबर्स ने हरसंभव सहयोग दिया।*

### एक जैसी ड्रेस में शामिल हुई प्रतिभागी

इस प्रोग्राम की डायरेक्टर एवं मंच संचालिका जेसी. सुमन दीवान व गुंजन गोलछा की जोड़ी ने फाउंडेशन डे को रोचक बनाने का प्रयास किया। संस्था की अध्यक्ष आस्था बाफना, सचिव दिव्या जैन के प्रयासों से फाउंडेशन डे का आयोजन किया गया। इसमें कई रोचक गेम्स को अलग-अलग राउंड में संजोने का भी प्रयास किया। इसमें इंट्रोडक्शन राउंड, सिचुएशन राउंड, टैलेंट और सवालों का भी एक राउंड किया। इस आखिरी राउंड के बाद विजेता तय करने का प्रावधान किया। एक जैसी ड्रेस में प्रतिभागी बहुत ही उत्साहित नजर आए।

## अग्रसेन धाम में 7 जुलाई को छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह

**रायपुर।** अग्रवाल सभा की युवा इकाई द्वारा 7 जुलाई को अग्रसेन धाम में सुबह 11 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। हर साल की तरह इस साल भी अग्रवाल समाज के होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी, जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रचार-प्रसार प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया कि यह आयोजन समाज के बच्चों को प्रोत्साहन देने एवं शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता भिलाई से सविता सिंह, प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर व एजुकेशनल साइकोलॉजिस्ट मौजूद रहेंगी।

इस दौरान विद्यार्थियों के सम्मान के साथ-साथ कॅरियर काउंसिलिंग पर चर्चा भी की जाएगी। इससे विद्यार्थियों को कॅरियर के संबंध में मार्गदर्शन मिलेगा एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा। छात्र कॅरियर काउंसलर से बात कर पाएंगे और कैरियर को लेकर काउंसलर सवाल करेंगे। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, समाज के वरिष्ठजन, अभिभावक एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी शामिल होंगे।

अब सिर्फ इंसान ही नहीं, बल्कि पालतू जानवर भी स्मार्ट लुक में नजर आ रहे हैं

**कार्नर न्यूज**

# छा रहा पेट्स के फैशन का ट्रेंड, डॉग्स और कैट्स की स्टाइलिश ग्रूमिंग की डिमांड







**रायपुर।** शहर में पेट हेयर ग्रूमिंग और हेयर कटिंग का नया ट्रेंड चल रहा है। पेट पेरेंट्स अब अपने डॉग्स और कैट्स को स्टाइलिश बनाने के लिए हेयर कटिंग, कलरिंग और स्किन ट्रीटमेंट करा रहे हैं। साथ ही ये प्रक्रियाएं हेयर फॉल जैसी समस्याओं को भी कम कर रही हैं। शहर के कई पेट्स सेलून अब उन्नत सुविधाओं से लैस हैं, जहां पालतू जानवरों को विशेष देखरेख और ट्रेंडी लुक दिया जाता है। लैब्राडोर रिट्रीवर, गोल्डन रिट्रीवर, जर्मन शेफर्ड, पूडल, ल्हासा, शिहत्जु और पर्शियन कैट्स जैसी ब्रिड्स सबसे अधिक पसंद की जा रही हैं, जिन्हें पेट पेरेंट्स परिवार के सदस्य की तरह पालते हैं। सेलून संचालकों का कहना है कि अब पेट्स की ग्रूमिंग में भी प्रोफेशनल अप्रोच अपनाई जा रही है। जानवरों की त्वचा बहुत संवेदनशील होती है और लापरवाही से उनमें हेयर फॉल, एलर्जी और संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में ग्रूमिंग से पहले स्किन और हेयर की कंडीशन देखकर ही स्टाइल तय की जाती है।

### पेट्स के हेयर कलर में केमिकल

*पेट्स पेरेंट्स जानवरों के हेयर को कलर न कराएं, यह कहना पेट आईलैंड सैलून के संचालक रिषभ बारोट का है। उनके अनुसार सभी जानवरों की त्वचा एक जैसी नहीं होती, कलर में भारी मात्रा में केमिकल पाया जाता है, जो तुरंत हेयर को रिएक्ट करता है। इससे बालों का झड़ना, इचिंग, पिंपल, स्किन में बदलाव जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं। शंकर नगर स्थित दुकान में ग्रूमिंग और हेयर कटिंग की जाती है, जिसमें पहले पेट्स की कंडीशन देखी जाती है। उसके ही बाद हेयर कटिंग शुरू होती है।*

### पेट्स पेरेंट्स की पसंद, पपी कट केनेल कट, लायन कट, लैम्ब कट

*संचालक रिषभ ने बताया कि शहर में लासा, लेम, गोल्डन रिट्रीवर, शिहत्जु डॉग ब्रीड सबसे अधिक है, जिसमें पपी कट हेयर स्टाइल इन दिनों डिमांड में है। इसके अलावा केनेल कट, लायन कट और लैम्ब कट भी किया जाता है, पेट्स पेरेंट्स की डिमांड पर 15-20 प्रकार से अधिक डिजाइन की हेयर कटिंग की जा सकती है। सेलून में पमिंग, हेयर कटिंग और ग्रूमिंग की जाती है। इन दिनों शिहत्जु और ल्हासा डॉग में हेयर कटिंग स्टाइलिश लुक में की जा रही है, जिसमें आंखों के नजदीक बालों को बड़ा रखते हैं।*

## सिटी लाइव

### 85 हजार की रिंग सेरेमनी ड्रेस में रेशम के धागे और 200 मोतियों की बारीकी



**रायपुर।** होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में तीन दिवसीय सूत्रा एग्जिबिशन के पहले दिन ही फैशन प्रेमियों का ध्यान डिजाइनर स्टाइलिश आउटफिट ने खींचा। यहां देशभर के 30 से अधिक डिजाइनर्स ने यूनिक कलेक्शन के साथ स्टॉल सजाया है, जहां 3 हजार से 85 हजार तक के डिजाइनर आउटफिट लाए गए हैं। खासतौर पर सभी कपड़ों को पर्सनल टच देने के लिए हाथों से ही तैयार किया गया है, जिसमें रेशमी धागों से फ्लोरल एम्ब्रॉडरी, जरदोजी, करदाना वर्क शामिल है। एग्जिबिशन में वेडिंग, रिंग सेरेमनी, कॉकटेल पार्टी, राखी जैसे त्योहारों के लिए पारंपरिक व इंडोवेस्टर्न आउटफिट लाया गया है। यहां 60 से अधिक स्टॉल सजे हैं, जिसमें हर उम्र की महिलाओं के लिए ड्रेसेस उपलब्ध हैं। पहले ही दिन पांच सौ से अधिक खरीदार एग्जिबिशन में डिजाइनर्स आउटफिट कलेक्शन की खरीदारी के लिए पहुंचे।

#### कॉकटेल और रिंग सेरेमनी के लिए 85 हजार का आउटफिट

*फैशन एग्जिबिशन में कोलकाता की डिजाइनर सिहा के स्टॉल पर खूबसूरत लैवेंडर रंग की ड्रेस ने सभी का ध्यान खींचा। हैंडवर्क ड्रेस पर रेशम के धागों से फ्लोरल एम्ब्रॉडरी, सीक्विन, जरी, स्टोन, पल्स और बीड्स का बेहद बारीक और सुंदर काम किया गया है। नेट फैब्रिक में तैयार ड्रेस में पारंपरिक और मॉडर्न डिजाइन किया गया है, जो स्पेशली कॉकटेल और रिंग सेरेमनी के लिए तैयार किया गया। इसके ट्रांसपेरेंट दुपट्टे पर 100-200 से अधिक मोतियों से वर्क किया गया है। इसकी कीमत 85000 रुपए तय की गई, जिसे 30 दिनों की मेहनत से तैयार किया गया है।*

## धर्म लाइव

### पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद महाराज 7 जुलाई तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे



**रायपुर।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ, पुरी के पीठाधीश्वर, अनंतश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज वर्तमान में रायपुर प्रवास पर हैं। प्रयागराज यात्रा के उपरांत वे 3 जुलाई को रायपुर पहुंचे थे, जहां रेलवे स्टेशन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात वे रावांभाठा स्थित श्रीसुदर्शन संस्थानम शंकराचार्य आश्रम पहुंचे। उनका प्रवास 7 जुलाई तक निर्धारित है। इस अवधि में वे धर्म, राष्ट्र और ईश्वर से जुड़े विषयों पर जनमानस को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

#### ये होंगे कार्यक्रम

*प्रातःकालीन सत्र (4 से 6 जुलाई): प्रतिदिन पूर्वान्ह 11:30 बजे से दर्शन, दीक्षा और संगोष्ठी का आयोजन। इस दौरान सनातन धर्मावलंबी अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान शंकराचार्यजी से प्राप्त कर सकेंगे।*

*सायंकालीन सत्र (4 से 6 जुलाई): प्रतिदिन सायं 5:30 बजे से दर्शन एवं आध्यात्मिक संदेश श्रवण का अवसर उपलब्ध रहेगा।*

*विदाई कार्यक्रम (7 जुलाई): 7 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र के उपरांत अपराह्न 3.30 बजे शंकराचार्यजी आश्रम से प्रस्थान कर सायं रेलमार्ग द्वारा पुरी, ओडिशा स्थित श्रीगोवर्धनमठ के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे चातुर्मास्य व्यतीत करेंगे। इस संबंध में जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम् एवं शंकराचार्य आश्रम (पुरी) के मीडिया प्रभारी अरविंद तिवारी द्वारा दी गई।*

● राजधानी के भागवताचार्य और पुरोहित भी मानते हैं कि परिवार के साथ लोग अनुष्ठान करने उत्साही

# सावन में घरों पर अभिषेक-रुद्राभिषेक करने पुरोहितों की बढ़ी मांग, हर सोमवार करेंगे अनुष्ठान

**'शहर के लोग सावन में सिर्फ मंदिरों तक सीमित रहने की जगह अब परिवार के साथ भगवान शिव का अभिषेक और रुद्राभिषेक करने के लिए भी उत्साही हैं। इसको लेकर भागवताचार्य व पुरोहित भी मानते हैं कि कुछ वर्षों में आस्था को उत्सव का रूप देने का चलन बढ़ा है। सावन शुरू होने से पहले ही पुरोहितों के पास लोग घर में अनुष्ठान कराने के लिए तिथि और समय तय करने लगे हैं। पहले सावन के प्रति सोमवार पर लोग अभिषेक करवाते थे, अब सावन का हर दिन घर-परिवार में उत्सव का रूप लेने लगा है।'**



**रायपुर।** समय के साथ आस्था केंद्र ही नहीं, बल्कि लोगों का धर्म के प्रति लगाव भी बढ़ा है। कुछ साल पहले सीमित धार्मिक आयोजन वृहद स्तर पर होते थे। अब पुराने आयोजकों के साथ युवाओं का ग्रुप भी धार्मिक आयोजन का सफल संचालन करते हैं। इसको लेकर शिव महापुराण एवं श्रीमद भागवत कथावाचक पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि जब से शिव कथाओं के आयोजन बढ़े हैं, तब से लोगों में शिव आराधना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान को लेकर प्रयास भी बड़े आयोजन का हिस्सा बन रहा है। कुछ साल पहले तो सावन के प्रति सोमवार को ही लोग मंदिरों में अभिषेक करवाते थे। अब परिवार ही नहीं, संस्थानों में अभिषेक और रुद्राभिषेक किया जाता है। इसके लिए लोग पुरोहितों से समय और तिथि भी तय करते हुए सामग्री की सूची भी लेने लगे हैं।



#### सावन में शनिवार-रविवार को भी अनुष्ठान

पं. भोला तिवारी और वेदाचार्य प्रदीप शुक्ला ने बताया कि सावन का महीना धार्मिक मान्यता के तहत हमेशा ही शिव भक्ति और महोत्सव के लिए ही जाना जाता है। अब लोग सावन के हर दिन अनुष्ठान के लिए लोग बात करने के लिए भी आते हैं। अब ज्यादातर लोग सावन में हर शनिवार और रविवार को अभिषेक करवाने पर जोर दे रहे हैं। सोमवार को शिवालयों में होने वाली भीड़ और इससे जुड़े पुरोहितों की व्यस्तता को देखते हुए लोग सुविधा के अनुसार सावन महीने में किसी भी दिन अभिषेक करवाने के लिए तिथि और समय भी तय करने लगे हैं। कुछ साल पहले की बात करें तो इस तरह की स्थिति नहीं थी।



#### धार्मिक संस्कार से जोड़ने के लिए प्रयास

आचार्य मोहन पाठक और पं. अमन शुक्ला मानते हैं कि लोगों की आस्था में कोई अंतर नहीं आया है। पहले आर्थिक तंगी के चलते लोग बड़े अनुष्ठान से बचते थे। अब महंगाई के साथ कमाई बढ़ने व बच्चों में धार्मिक संस्कार का समावेश करने के लिए लोग धार्मिक मान्यता का पालन करने लगे हैं। इसके लिए सभी तीज-त्योहारों को अब सेलिब्रेट किया जाने लगा है। पुराने दौर में इस तरह की व्यवस्था नहीं रही है। इस सावन में हर सोमवार को अलग-अलग अभिषेक का आयोजन तय है। इसके अलावा सरकारी छुट्टी के दिन भी लोग घरों और संस्थानों में अभिषेक करवाने के लिए पूजा सामग्री की लिस्ट और समय तय किया है।

#### पुरोहितों को आयोजन के लिए आमंत्रण

पं. मोहित पांडेय और राकेश मिश्रा ने बताया कि देवशयनी के साथ ही शहर में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला सजने लगती है। सावन में शिव का अभिषेक करवाने वालों ने हर सोमवार को अलग-अलग तय समय में आयोजन के लिए आमंत्रित किया है। कुछ साल पहले जिस दिन पूजा-अनुष्ठान का प्रयोजन बन जाता था, तब पुरोहित से पुष्टि करवाई जाती थी। अब पंडित के साथ ही परिवार के लोगों की उपलब्धता को देखते हुए लोग पूजा की तिथि तय करते हैं। इसके चलते हर शनिवार और रविवार को भी लोगों ने अभिषेक करवाने के लिए समय तय किया है।

## दादाबाड़ी में हर रविवार बच्चों-महिलाओं के लिए शिविर, पटवा भवन में आज से प्रवचन

### श्री गिरनार तप के साथ 9 जुलाई से दादाबाड़ी में होगा चातुर्मास प्रारंभ



**रायपुर।** दादाबाड़ी में इस वर्ष का चातुर्मास 9 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है। श्रीसंघ को इस वर्ष श्री हंसकीर्ति श्रीजी के चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आत्मोत्थान वर्षावास 2025 के अंतर्गत विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन प्रातः 8.45 से 9.45 बजे तक प्रवचन, दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक महिलाओं के लिए स्वाध्याय, तथा 3.30 से 4.30 बजे तक सूत्रार्थ सत्र आयोजित किए जाएंगे। विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं के लिए प्रत्येक रविवार को दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक रविवारीय शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसके पश्चात स्वल्पाहार की व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही धर्मानुरागियों द्वारा 9 जुलाई से अखंड तेला और अखंड आयंबिल आराधना का भी शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें निरंतर तप और संयम का भाव रहेगा।



#### पर्यूषण महापर्व 20 अगस्त से, विशेष नाट्य मंचन भी

20 अगस्त से पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व की शुरुआत होगी। आठ दिवसीय इस पर्व के दौरान श्री धर्मनाथ जिनालय एवं दादाबाड़ी को सुगंधित फूलों और दिव्य आंगियों से सजाया जाएगा। भव्य कुमारपाल महाराजा की आरती, परमात्मा भक्ति तथा विविध भक्ति कार्यक्रम होंगे। इस अवसर को और भी प्रभावशाली बनाने कामविजेता स्थुलीभद्रजी तथा शासनरत्न मोतीसा सेठ के जीवन पर आधारित प्रेरणादायी नाट्य का आयोजन भी होगा। दादाबाड़ी में श्री गिरनार तप आराधना का शुभारंभ भी 9 जुलाई से किया जा रहा है। यह तप आराधना श्री नेमिनाथ भगवान के जन्म, दीक्षा एवं केवलज्ञान कल्याणक की स्मृति में की जाएगी। आयोजन के अंतर्गत छठ पारणा (बियासना), एकांतर आठ उपवास, अट्ठम तप, एकांतर सात उपवास एवं पुनः छठ पारणा जैसे क्रम रहेंगे। कुल मिलाकर 22 उपवास और 17 बियासना की आराधना होगी।

#### मनीष सागर महाराज के प्रवचन आज से

विवेकानंद नगर स्थित श्री संभवनाथ जिनालय में इस बार उपाध्याय प्रवरश्री मनीष सागरजी का चातुर्मास हो रहा है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा, कार्यकारी अध्यक्ष पुखराज मुणोत और प्रचार-प्रसार समिति के प्रचार प्रसार सचिव चंद्रप्रकाश ललवानी ने बताया कि उपाध्याय प्रवरश्री मनीष सागरजी का चातुर्मास विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे तक राई प्रतिक्रमण और 6 से 7 बजे तक धार्मिक क्रियाओं का प्रायोगिक प्रशिक्षण विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में होगा। इसके बाद टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में सुबह 8 से 9 बजे तक धार्मिक जीवन पर आधारित स्वाध्याय और 9 से 10 बजे तक उपाध्याय भगवंत भगवान महेंद्र सागर और उपाध्याय प्रवर मनीष सागर के संयुक्त प्रवचन होंगे। इसके बाद दोबारा श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक स्वाध्याय और शाम 6.45 से 8 बजे तक देवसी प्रतिक्रमण होगा।

## सिद्धिविनायक स्थापना दिवस कॉलेज में महोत्सव का उत्साह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति द्वारा संचालित विप्र कॉलेज में सिद्धिविनायक स्थापना दिवस को महोत्सव की तरह उत्साह से मनाया गया। यतिप्रवर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में मोदक अर्चन, दूब अर्चन, भगवान श्री सत्यनारायण की कथा एवं हवन-पूजन किया गया। इसमें कॉलेज प्रबंधन से जुड़े लोगों समेत विद्यार्थी और प्रोफेसर्स भी शामिल हुए। इससे कॉलेज कैम्पस में आस्था का माहौल बना। विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि इस सिद्धिविनायक स्थापना दिवस महोत्सव के लिए पहले से प्रारूप तैयार किया गया था। इसके चलते भी धार्मिक श्रृंखला के बीच आस्था का माहौल बना।

#### शामिल हुए दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ

कॉलेज प्रांगण में स्थित मंदिर के प्रमुख आचार्य धर्मेंद्र महाराज एवं रामनिवास ने मंत्रोच्चार के साथ मोदक अर्चन, दूब अर्चन, कथा एवं हवन-पूजन को विधि-विधान से संपन्न कराया। महोत्सव में प्रमुख रूप से यतिप्रवर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज शामिल हुए और भक्तों को आशीर्वाद दिया। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, अशोक दीवान, अविनाश शुक्ला, अनुराग पाण्डेय, उमाकांत शर्मा, नटराज शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रो. ध्रुव पाण्डेय, प्रो. उषा दुबे, पद्मा ओझा, प्रकाश तिवारी ने आयोजन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।

## सावन में शंभू शरण महाराज सुनाएंगे रामकथा, समिति ने शुरू की तैयारी



**रायपुर।** सावन में श्रीरामकथा का रसपान करने का अवसर श्रोतावृंद-श्रद्धालुओं को मिलने वाला है। भक्तों के लिए यह पहला अवसर होगा, जब सावन में मानस मर्मज्ञ संत शंभू शरण लाटा महाराज के श्रीमुख से 12 जुलाई से कथा सुनने को मिलेगी। इस संबंध में श्रीराम कथा प्रचार समिति के ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, कर्तव्य अग्रवाल और रमेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के लोगों को समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में यह अवसर मिलेगा। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक तय है। आयोजकों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यवस्थागत तैयारी शुरू करते हुए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी दी गई है।

#### 21 जुलाई को नानी बाई का मायरा

*उन्होंने आगे बताया कि इसी श्रृंखला में 21 जुलाई को नानी बाई का मायरा और 22 जुलाई को बाबा रामदेव का जम्मा भी आयोजन समिति द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजकों ने यह बताया कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित रहता है, भगवान शिव निरंतर अपने आराध्य श्रीराम के ध्यान में लगे रहते हैं। इस धार्मिक मान्यता के तहत सावन के पवित्र महीने में श्रीरामचरित मानस रूपी गंगा में सबको डुबकी लगाने का अवसर मिलेगा। इस बार भी श्रीरामकथा का सफल आयोजन करने के लिए समिति ने दायित्वों का विभाजन करते हुए अलग-अलग पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की है।*

### वृंदावन के पुनीत कृष्ण महाराज 6 जुलाई से करेंगे श्रीमद भागवत कथा

श्री राधा सखी परिवार एवं वीआईपी क्लब परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 6 से 12 जुलाई तक शंकर नगर स्थित वीआईपी क्लब में आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए



कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कथाव्यास आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज वृंदावन द्वारा श्रीमद भागवत कथा की शानदार संगीतमयी प्रस्तुति दी जाएगी। श्रीमती राठी ने बताया कि 6 जुलाई को प्रातः 7.30 बजे करिश्मा अपार्टमेंट स्थित शिव मंदिर से वीआईपी क्लब तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)



Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221



ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION ENQUIRY
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Paaras Institute of Education
www.paarasinstitute.com
Admission Open
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
- DCA
- PGDCA
- CCA
- Graphic Designing
- Advance Excel
- Typing Classes
DCA
PGDCA
Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur
Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar
contact no.- 9111348886, 7879008105

Contact to Add Your School - 79871-19756

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के तेजस्वी का शानदार शतक



रायपुर। क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-19 इंटर स्टेट मल्टी डे अभ्यास मैच 2024-25 जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ का दूसरा दो दिवसीय मैच 04-05 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध पुडुचेरी में खेला जा रहा है। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 58.1 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 261 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से तेजस्वी कलभोर ने शानदार शतक लगाते हुये 103 रन तथा श्लोक चचाने ने 40 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी खेलने में नाकाम रहे। हिमाचल प्रदेश की ओर से अभिषेक ने 4 विकेट तथा सिद्धाक ने 3 विकेट लिए। पहले दिन की समाप्ति तक हिमाचल प्रदेश ने 31 ओवरों में 5 विकेट खोकर 69 रन बना लिये हैं। हिमाचल प्रदेश की ओर से आदित्य ने 24 रन तथा अग्रिम ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर-19 की ओर धनंजय नायक तथा विवेक कुमार ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। हिमाचल प्रदेश को मैच जीतने 193 रनों की और आवश्यकता है।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेटे में रोमांचक खेल देखा दर्शकों ने



रायपुर। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में ₹रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (यूथ/सब जुनियर/होप्स)₹ 27 से 29 जून तक आयोजित की गई। तीन दिनों तक सभी वर्गों के अंतिम सुपर लीग मुकाबले में यूथ अंडर-19 (यूथ) एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा, यूथ अंडर -19 (यूथ) एकल वर्ग में समाया पांडे, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल वर्ग में आर्यन सिंह, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल वर्ग में राघव अग्निहोत्री, यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्ग में इसी मिश्रा विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के संयुक्त सचिव विमल नायर थे। मंच पर मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी और सहायक निर्णायक प्रणय मजुमदार उपस्थित थे। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग :- विजेता - अर्जुन मल्होत्रा , उपविजेता- यशवंत डेकाटे 3-1 तृतीय - एंड्रयू एरंट विलियम्स यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग :- विजेता - समाया पांडे, उपविजेता- लावण्या पांडे 3-1 तृतीय - आरना खोटेले यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग :- विजेता - आर्यन सिंह, उपविजेता - श्रेष्ठ मिश्रा 3-0 तृतीय - विहान अग्रवाल यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका वर्ग :- विजेता - समाया पांडे, उपविजेता - वेदी कछवाहा 3-0 तृतीय - लावण्या पांडे यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग विजेता - राघव अग्निहोत्री, उपविजेता - बुराड़ी अजीज 3-1 तृतीय - नीरव तिवारी,यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग-विजेता - इसी मिश्रा,उपविजेता - आरना ठाकुर 3-2 तृतीय - निया मोजरकर,इस अवसर पर नागेश्वर साहू, हर्ष राजपूत, सचिन मिश्रा, परिवेश मिश्रा, कु अंजना चौहान एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, प्रशिक्षकगण, पालकगण उपस्थित थे।

### नेशनल पावरलिफ्टिंग में रेलवे के प्रकाश को गोल्ड मेडल



रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के पुरुष खिलाड़ी टी. एस. प्रकाश राव ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड हासिल किया है। 04 से 06 मई तक आगरा स्थित रेलवे कम्यूनिटी हॉल में पावरलिफ्टिंग खेल संघ द्वारा ऑल इंडिया इंटीनेशन सीनियर टूर्नामेंट की पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसमें 120 किलोग्राम केटेगरी वर्ग के पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रकाश ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी टी. एस. प्रकाश राव बिलासपुर स्टेशन में वाणिज्य विभाग में डिप्टी सीटीआई के पद पर कार्यरत है।

## बदलती लाइफ स्टाइल के साथ कई कारक जिम्मेदार

# नौजवानों की सेहत पर 'ट्रिपल अटैक' हो रहा, बढ़ गया समय से करीब 20 साल पहले मौत का खतरा

इंग्लैंड में किए गए सर्वे में पाया गया है कि 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के 50 में से एक व्यक्ति को समय से पहले मृत्यु का खतरा हो सकता है। धूम्रपान-शराब की आदत के साथ लोगों में बढ़ती मोटापे की समस्या, ये तीन वजहें हैं जिनके कारण लोगों में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है। लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी के कारण दुनियाभर में कई प्रकार की नॉन कम्युनिकेबल बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। 'नॉन कम्युनिकेबल डिजीज' वे बीमारियां हैं जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे नहीं फैलती हैं। ये रोग आमतौर पर दीर्घकालिक होते हैं और इनके लिए आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरणीय स्थितियां जिम्मेदार मानी जाती रही हैं, हृदय रोग-डायबिटीज और कैंसर ऐसी ही स्वास्थ्य समस्याएं हैं जिनका जोखिम सभी उम्र के लोगों में देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, नॉन कम्युनिकेबल डिजीज समय से पहले मृत्यु के खतरे को भी बढ़ाते जा रहे हैं। इसी संबंध में हाल ही में इंग्लैंड में किए गए एक सर्वे में पाया गया है कि 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के 50 में से एक व्यक्ति को समय से पहले मृत्यु का खतरा हो सकता है। इसके लिए विशेषज्ञों ने मुख्यरूप से तीन कारणों को जिम्मेदार पाया है। असमय मृत्यु के लिए कौन से कारण जिम्मेदार हैं, क्यों इसका जोखिम बढ़ता जा रहा है? आइए इस बारे में आगे विस्तार से समझते हैं।



### सेहत पर 'ट्रिपल अटैक'

इंग्लैंड के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, धूम्रपान-शराब की आदत के साथ लोगों में बढ़ती मोटापे की समस्या, ये तीन वजहें हैं जिनके कारण लोगों में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का जोखिम भी तेजी से बढ़ता जा रहा है, जो असमय मृत्यु का कारण बन रही हैं।

एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि इस "ट्रिपल खतरे" के कारण पिछले एक दशक में कैंसर और मधुमेह जैसी बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ गया है। ये इतना खतरनाक है कि लोग समय से करीब 20 साल पहले मौत का शिकार हो रहे हैं, यानी इन बीमारियों ने बड़ी संख्या में लोगों की उम्र के दो दशक तक कम कर दिया है।

### 10 लाख से अधिक लोगों में असमय मृत्यु का जोखिम



चैरिटी एक्शन ऑन स्मोकिंग एंड हेल्थ (एश) द्वारा इंग्लैंड में किए गए स्वास्थ्य सर्वेक्षण के विश्लेषण से पता चला है कि इंग्लैंड में लगभग 1 मिलियन लोग (10 लाख) लोग असमय मृत्यु वाले जोखिमों के साथ जी रहे हैं। कुल आबादी के करीब 2.2% लोग तम्बाकू का उपयोग करते हैं, सप्ताह में 14 यूनिट से अधिक शराब पीते हैं और अधिक वजन वाले या मोटे हैं। अधिक वजन से मतलब 25 या उससे अधिक का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) है।

### सर्वे में क्या पता चला?



सर्वे में पाया गया है कि लगभग 1 करोड़ (जनसंख्या का 22%) लोगों में तीन में से दो समस्याएं (शराब-धूम्रपान या मोटापा) हैं, जबकि 33.9 मिलियन (73.6%) लोगों में कम से कम एक जोखिम कारक मौजूद हैं। अल्कोहल हेल्थ अलायंस के अध्यक्ष प्रोफेसर सर इयान गिलमोर ने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि इंग्लैंड में 50 में से एक वयस्क को तंबाकू, शराब और अस्वास्थ्यकर भोजन के संयोजन के कारण असमय मृत्यु का जोखिम बहुत अधिक है। धूम्रपान, शराब और अधिक वजन कैंसर, हृदय रोग और यकृत रोग जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को काफी हद तक बढ़ाते हैं। जब ये जोखिम कारक एक साथ होते हैं, तो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा और भी अधिक बढ़ जाता है।



# तेजी से घट रहा है वजन, तो हो सकता है बीमारियों का संकेत

कई बार लोग वजन कम होने को गलतफहमी में अच्छी फिटनेस का संकेत मान लेते हैं। यदि आप अपनी डाइट, व्यायाम या जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, फिर भी आपका वजन तेजी से घट रहा है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। आइए इस लेख में जानते हैं कि वजन कम होना किन बीमारियों का लक्षण हो सकता है। अचानक और बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, वास्तव में एक गंभीर स्वास्थ्य चेतावनी हो सकती है। कई बार लोग वजन कम होने को गलतफहमी में अच्छी फिटनेस का संकेत मान लेते हैं। यदि आप अपनी डाइट, व्यायाम या जीवनशैली में कोई बदलाव नहीं कर रहे हैं, फिर भी आपका वजन तेजी से घट रहा है, तो यह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। यह किसी अंदरूनी शारीरिक समस्या का संकेत हो सकता है, जिसे नजरअंदाज करना खतरनाक साबित हो सकता है।

यदि आपका वजन अनायास ही अपने सामान्य वजन का 5-10% या उससे अधिक कम हो रहा है, तो इसे बिल्कुल भी हल्के में न लें। यह शरीर का एक महत्त्वपूर्ण संदेश है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।



आइए इस लेख में हम ऐसी चार प्रमुख बीमारियों के बारे में विस्तार से जानेंगे, जिनके लक्षणों में तेजी से वजन घटना शामिल है।

### टाइप-1 डायबिटीज

टाइप-1 डायबिटीज में शरीर पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना पाता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है और शरीर फैट और मांसपेशियों को ऊर्जा के लिए तोड़ने लगता है। इससे वजन तेजी से घटता है। अन्य लक्षणों में अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब और थकान शामिल हैं। रक्त शर्करा की नियमित जांच और डॉक्टर की सलाह से इंसुलिन थेरेपी शुरू करें। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, साथ ही संतुलित आहार लें और दिनचर्या में नियमित व्यायाम शामिल करें।

### हाइपरथायरायडिज्म

थायराइड ग्रंथि का अति सक्रिय होना (हाइपरथायरायडिज्म) मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन तेजी से कम होने लगता है। इसके साथ घबराहट, असहनीय गर्मी होना, और इन्सोम्निया जैसे लक्षण दिखते हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर थायराइड फंक्शन टेस्ट (TSH, T3, T4) कराएं। डॉक्टर की सलाह से दवाएं लें।

### कैंसर

कुछ प्रकार के कैंसर, जैसे फेफड़े, अग्न्याशय या पेट का कैंसर, अनायास वजन घटने का कारण बन सकते हैं। कैंसर कोशिकाएं शरीर की ऊर्जा का उपयोग करती हैं और भूख कम करती हैं। अन्य लक्षणों में थकान, दर्द और पाचन समस्याएं शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत ऑन्कोलॉजिस्ट से संपर्क करें और स्क्रीनिंग टेस्ट (जैसे CT स्कैन, बायोप्सी) कराएं।



# मखाना से है कई फायदे, गठिया से ब्लड प्रेशर तक में लाभदायक



मखाना, जिसे फॉक्स नट्स या कमल के बीज भी कहा जाता है, भारतीय रसोई में एक सुपरफूड के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह न केवल स्वादिष्ट और हल्का स्नैक है, बल्कि अपने बेहतरीन पोषण तत्वों और स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है।

मखाना प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो इसे बेहद पौष्टिक बनाते हैं। इसके अलावा, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफिनॉल शरीर को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन से बचाते हैं। साथ ही, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे आवश्यक खनिज दिल की सेहत और हड्डियों को मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। इस लेख में हम मखाना के 20 जबरदस्त स्वास्थ्य लाभ आपके साथ साझा कर रहे हैं, जो इसे आपके खान-पान में शामिल करने के लिए प्रेरित करेंगे।

**अनिद्रा का समाधानः** नींद न आने की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए मखाना बेहद फायदेमंद है। इसमें ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो तनाव को कम करके मस्तिष्क को शांत करते हैं, जिससे प्राकृतिक रूप से गहरी नींद आती है।

**कैसे सेवन करेंः** सोने से पहले 1 मुट्ठी मखाने का हल्का भुना हुआ सेवन करें।

**कैल्शियम से भरपूर :** मखाना हड्डियों की मजबूती के लिए आदर्श खाद्य पदार्थ है। 100 ग्राम मखाने में 60 मिलीग्राम कैल्शियम पाया जाता है। यह बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए अत्यधिक फायदेमंद है।

**उपयोगः** इसे दूध में मिलाकर या भूनकर खाया जा सकता है।

**ब्लड प्रेशर नियंत्रित करें :** मखाने में पोटैशियम की मात्रा अधिक और सोडियम की मात्रा कम होती है, जो उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**सुझावः** हाइपरटेंशन के मरीज रोजाना 20-25 ग्राम मखाने का सेवन कर सकते हैं।

**यौन स्वास्थ्य में सुधारः** मखाने में कामोत्तेजक गुण होते हैं। यह पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाने के साथ शीघ्रपतन की समस्या को दूर करता है। महिलाओं में यह प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है।

**कैसे उपयोग करेंः** इसे दूध के साथ खाएं।

**गठिया के लिए फायदेमंद :** गठिया और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मखाने का कैल्शियम प्रमुख भूमिका निभाता है।

**सुझावः** नियमित रूप से इसे सुबह के नाश्ते में शामिल करें।

# घर में चांदी का मोर रखते ही बरसेगी मां लक्ष्मी की कृपा



जब भी हमारे जीवन में कोई परेशानी आती है, तो हम अपने आसपास की चीजों में बदलाव करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अक्सर बदलाव करने से चीजें सही हो जाती है। लेकिन इस बार आप घर में किसी चीज के बदलाव को करने से पहले चांदी के मोर को रखें। इससे आपके ऊपर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहेगी। पंडित जन्मेश द्विवेदी जी से जानते हैं कि कौन से घर के वो 2 कोने हैं जहां पर हम चांदी के मोर को रख सकते हैं।

### घर में चांदी के मोर को क्यों रखा जाता है

मोर सबसे खूबसूरत पक्षियों में से एक होता है। हिंदू धर्म में मोर को धन से जोड़ा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह मां लक्ष्मी का वाहन कहा जाता है। साथ ही, इसकी खूबसूरती से आपके आसपास का वातावरण भी बदल जाता है। इसलिए अक्सर धन की प्राप्ति को बढ़ाने के लिए चांदी के मोर को रखने की सलाह दी जाती है। इससे आपके जीवन में पैसे की स्थिति अच्छी बनी रहती है। साथ ही, आपके कार्यों में संतुलन नजर आता है।

### धन संकट के लिए रखें चांदी का मोर

आप पैसे को काफी कमा रहे हैं, लेकिन आप उसकी बचत नहीं कर पा रहे हैं, तो ऐसे में आप अपने घर की तिजोरी में चांदी के मोर को रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि जहां पर आपका सारा पैसा रखा होगा। वहां पर मोर रखने से पैसों का खर्च कम होगा। साथ ही, आप अपने पैसे को बचा पाएंगे। तिजोरी में रखने के लिए आप छोटे से चांदी के मोर को सुनार से तैयार करा सकते हैं। इसे आप शुक्रवार के दिन अपने घर की तिजोरी में रखें। इससे पैसों की बचत होनी शुरू हो जाएगी। साथ ही, आपका रुका हुआ धन भी आने लगेगा।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर को नहीं मिली जमानत, जानें अदालत के फैसले की अहम बातें



हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है।

ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था। वेंचुरा ने दावा किया कि कॉम्ब्स ने उन्हें 11 साल की रिलेशनशिप में शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, यहां तक कि ड्रग्स और जबरन यौन क्रियाओं में भी शामिल किया। दूसरी महिला, जिसे अदालत में 'जेन' के नाम से पहचाना गया, उसने भी यही आरोप लगाए कि वो कॉम्ब्स की बनाई पार्टियों के जाल में फंस गईं और उसके साथ यौन अपराध हुए। इस केस में सरकार ने कॉम्ब्स पर संगठित अपराध चलाने का भी आरोप लगाया था, जिसमें जबरन मजदूरी, रिश्वत, अपहरण और यौन तस्करी शामिल थे। लेकिन जूरी ने इन गंभीर आरोपों को खारिज कर दिया क्योंकि उन्हें पर्याप्त प्रमाण नहीं मिले कि कॉम्ब्स ने किसी 'क्रिमिनल एंटरप्राइज' का हिस्सा बनकर ये अपराध किए।

### टॉलीवुड

## मोहन होंगे बिग बॉस मलयालम के होस्ट दर्शकों के लिए शामिल होने का मौका



मलयालम 'बिग बॉस 7' के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया जारी है। इस शो के होस्ट का नाम तय हो गया है। मलयालम के दिग्गज एक्टर मोहनलाल इस शो को होस्ट करेंगे। यह शो एशियानेट चैनल पर प्रसारित होता है। चैनल ने लोगों से शो का हिस्सा बनने के लिए आवेदन मांगे हैं। चैनल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा 'बिग बॉस फैंस ध्यान दें। क्या आप बिग बॉस के घर में आने का सपना देख रहे हैं? तो आपके पास सुनहरा मौका है।'

एक दूसरी पोस्ट में उन्होंने बताया है कि बिग बॉस में आने के लिए कैसे आवेदन करना है। इसमें बताया गया है कि लोग एशियानेट और माईजी को इंस्टाग्राम पर देखते रहें। इसके बाद 50 एमबी साइज की तीन मिनट की अपनी वीडियो बनाएं जिसमें यह बताएं कि वह क्यों इस शो का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस वीडियो को बीबी7डॉटजियोहॉटस्टारडॉटकाम पर अपलोड करें।

इस पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'तनाव कम करने वाला शो आ रहा है।' कई दूसरे यूजर्स ने पोस्ट पर दिल वाला इमोजी पोस्ट किया है। आपको बता दें कि मलयालम बिग बॉस का पहला शो साल 2018 में टेलीकास्ट किया गया था। इस शो में मोहनलाल होस्ट थे। पिछला सीजन 10 मार्च 2024 से 6 जून 2024 तक प्रसारित किया गया था। इस शो में 19 कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया था। जिंटो बॉडीक्राफ्ट इस शो के विनर रहे थे।

### ओटीटी

## अपूर्व अभिनीत चार शॉर्ट फिल्में लांच



फिल्मीकैंडी एंड यूनिटी प्रोडक्शन एलएलपी ने चार शॉर्ट फिल्में रिलीज की है। ये चारों फिल्में 'इंस्टेंट लोन', 'फैमिली बॉय', 'ए कप ऑफ कॉफी', और 'झुनझुना'-समाजिक मुद्दों पर आधारित हैं और हंगामा ओटीटी पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही हंगामा ओटीटी ने छत्तीसगढ़ के दर्शकों के लिए अच्छे कंटेंट को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने और रायपुर के उभरते कलाकार अपूर्व डेगन की प्रतिभा को लाने एक कोशिश की है। कलाकार अपूर्व डेगन, निर्देशक खुशबू झा, और निमार्ता हर्ष टोगानी ने बताया कि चारों शॉर्ट फिल्में आज के दौर से जुड़े अहम सामाजिक मुद्दों पर आधारित हैं

'इंस्टेंट लोन'- यह फिल्म युवाओं को आसानी से मिलने वाले लोन के खतरों के प्रति आगाह करती है। यह दिखाती है कि कैसे ये लोन बड़ी परेशानी और कर्ज में फँसा सकते हैं। निर्देशक खुशबू झा के अनुसार, यह फिल्म युवाओं और उनके माता-पिता के लिए एक 'वेक-अप कॉल' है। 'फैमिली बॉय' - यह फिल्म ओवर-पैम्परिंग यानी बच्चों को जरूरत से ज्यादा लाड- प्यार देने के प्रभाव पर बात करती है। फिल्म का संदेश है कि माता-पिता को बच्चों को आत्मनिर्भर बनने देना चाहिए। 'ए कप ऑफ कॉफी' फिल्म बताती है कि लोगों को सिर्फ बाहरी रूप से जज नहीं करना चाहिए। इसमें यह सीख दी गई है कि इंसान को उसकी आत्मा से पहचाना जाए, न कि उसके दिखावे से । 'झनझना' - यह एक भावनात्मक फिल्म है जो गहरे रिश्तों और असली जुड़ाव को दशार्ती है। यह बताती है कि सच्चे रिश्ते सिर्फ देखने से नहीं, दिल से महसूस करें।

## लाइफ स्टाइल

### कल्पना की उड़ान



❝ यहां फैशन के रुझान को ऊँचाई के स्पर्श से उभारा गया है। एक पहाड़ की चोटी पर आयोजित फैशन शो के दृश्य की कल्पना करें, जहाँ बहुत से मॉडल सुरुचिपूर्ण ढंग से रनवे पर चलते हैं। वे बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखला और नीले आसमान की पृष्ठभूमि में अभिकल्पित की गई तस्वीर है। हालांकि यह हकीकत में भी तब्दील हो सकती है।

## पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे देसी नुस्खे



अक्सर हम लोग चेहरा और हाथ को चमकाने की मेहनत में अपने पैरों को नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में आइए आपको पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए कुछ टिप्स देते हैं।

बारिश के मौसम का सबसे ज्यादा असर पैरों पर ही पड़ता है, क्योंकि इस मौसम में जमीन पर गंदा पानी रहता है। इसके साथ-साथ लगातार बढ़ती नमी भी पैरों में होने वाले फंगल इंफेक्शन का कारण बनती है। यदि पैरों की देखरेख सही से न की जाए तो दिक्कत काफी बढ़ जाती है।

पर, हम में से ज्यादातर लोग अपने चेहरे और हाथ का ध्यान तो रख लेते हैं, लेकिन पैरों की खूबसूरती की तरफ ध्यान ही नहीं देते। ऐसे में हम आपको तीन ऐसे असरदार तरीके बताएंगे, जिसको आजमाने के बाद आपके पैरों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाएगी। इसके बाद आपको पेडिक्योर कराने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

### पैरों को पानी में डुबोकर रखें

यदि आप अपने पैरों को खूबसूरत बनाना चाहती हैं तो हफ्ते में कम से कम तीन बार पैरों को गर्म पानी में डुबोकर रखें। इसके लिए सबसे पहले एक टब या फिर बाल्टी में गुनगना पानी लें और उसमें थोड़ा सा नमक, नींबू का रस और शैंपू मिक्स करें। इसे थोड़ा मिक्स करने के बाद इस पानी में कम से कम 10-15 मिनट तक पैर डुबोकर रखें। पैरों को डुबोकर रखने के बाद किसी स्क्रबर से पैरों को साफ करें।

### हफ्ते में दो बार करें स्क्रब

पैरों को हमेशा खूबसूरत बनाए रखने के लिए अपने पैरों को हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब करें। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बारिश के मौसम में पैरों में गंदगी काफी जम जाती है, जिस कारण पैरों की सतह पर डेड स्किन जमने लगती है।

चाहे तो घर पर ही स्क्रब बना लें, नहीं तो एक चम्मच शक्कर और नारियल तेल मिलाकर स्क्रब तैयार करें। अब इसे पैरों पर लगाकर धीरे-धीरे मसाज करें। इससे आपके पैरों की डेड स्किन निकलेगी और पैर खूबसूरत दिखने लगेंगे।

### फुट मास्क आएंगे काम

बाजार में अब कई तरह के फुट मास्क आते हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके पैर खिल उठेंगे। तो अगर आप ज्यादा झंझट नहीं करना चाहते हैं तो बाजार से रेडीमेड फुट मास्क ले आइए और उसे अपने पैरों पर अप्लाई करिए।

## कुछ मेकअप ट्रेंड कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होते, हर मौके पर लगते हैं परफेक्ट



अगर सही से मेकअप किया जाए तो चेहरा कई गुना खूबसूरत हो जाता है, वहीं एक गलती आपके चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ सकती है। समय भले ही बदलता रहे, लेकिन कुछ ऐसे मेकअप ट्रेंड्स होते हैं, जो सदाबहार होते हैं। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देंगे। आज हम यहां आपको पांच ऐसे ट्रेंड्स के बारे में बताएंगे, जो सालों-साल से सदाबहार हैं।

### नेचुरल लुक

हर उम्र की महिला को नेचुरल लुक काफी पसंद आता है। खासतौर पर जो युवा लड़कियां होती हैं, उन्हें तो सबसे ज्यादा ही नेचुरल लुक पसंद आता है। इस नेचुरल मेकअप लुक में हल्का फाउंडेशन, न्यूड शेड्स की लिपस्टिक और सॉफ्ट ब्लश इस्तेमाल होता है। इसमें स्किन टोन का खास ध्यान दिया जाता है।

### रेड लिपस्टिक



लाल रंग की लिपस्टिक देखने में कमाल की लगती है। क्लासिक रेड लिप कलर हर फेस को तत्काल ग्लैमरस बना देता है। खासतौर पर अगर इस रंग को शादी-पार्टी में इस्तेमाल किया जाए तो लुक सबसे ज्यादा खूबसूरत लगता है। तो अगर आप हल्के रंग का आउटफिट कैरी कर रहे हैं तो लाल रंग की लिपस्टिक कैरी करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

### विंग्ड आइलाइनर



भले ही आप ज्यादा आईमेकअप न करती हों, लेकिन अगर विंग्ड आइलाइनर आंखों पर लगाएंगी तो इससे आपका लुक प्यारा दिखेगा। कैट आइज या विंग्ड लाइनर का चलन दशकों से है, जोकि अब भी फुल ट्रेंड में है। ये आंखों को डिफाइन करता है और हर आउटफिट के साथ अच्छा लगता है। इसे आप दफ्तर में लगाकर जा सकती हैं।

### ड्यूई फिनिश मेकअप

ये मेकअप भी महिलाओं की पसंदीदा लिस्ट में शामिल है। ये स्किन को हाइड्रेटेड और स्वस्थ दिखाता है, जिससे चेहरा काफी यंग दिखता है। ज्यादातर महिलाएं, जिनकी त्वचा काफी डल दिखने लगी है, वो इस मेकअप को कराना पसंद करती हैं। इस में हाईलाइटर, प्राइमर और हल्के फाउंडेशन का इस्तेमाल होता है।

## बिना पार्लर जाए टैनिंग होगी गायब



भले ही मानसून आ गया है, लेकिन तेज चिलचिलाती धूप ने लोगों की स्किन को काफी डैमेज कर दिया है। हर दूसरा व्यक्ति चेहरे, हाथ और पैर की टैनिंग से परेशान है। टैनिंग की वजह से स्किन काफी डैमेज हो जाती है, और उसका रंग बदलकर काला दिखने लगता है। यदि इसे सही समय पर ठीक न किया जाए तो जिद्दी टैनिंग त्वचा पर जम जाती है।

वैसे तो बाजार में हर स्किन टाइप के हिसाब से डी टैन पैक आते हैं, जो स्किन को चमका देते हैं, लेकिन इनके दाम काफी ज्यादा होते हैं। ऐसे में हम आपको घर पर ही आसान विधि से एक किफायती डी टैन पैक बनाने की विधि बताएंगे, ताकि आप भी इसके इस्तेमाल के बाद अपना चेहरा चमका सकें। डी टैन पैक बनाने बेसन – 2 चम्मच, दही – 1 चम्मच,हल्दी – एक चुटकी और नींबू का रस चाहिए। यदि आप घर पर डी टैन पैक बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले तो एक कटोरी में बेसन निकाल लें। अब इस बेसन में चुटकीभर हल्दी और दही मिक्स करें। इस पेस्ट में नींबू का रस तभी इस्तेमाल करें, जब ये आपको सूट करता हो। सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद स्मूद पेस्ट बना लें। ध्यान रखें ये पेस्ट ऐसा होना चाहिए, जो बहे नहीं, बल्कि स्किन पर थोड़ी देर टिका रहे।

### इस्तेमाल का तरीका

डी टैन पैक बनाने के बाद अब इसके इस्तेमाल का तरीका जान लें। इसके लिए सबसे पहले स्किन को धोएं। यानी कि अगर हाथ-पैर की टैनिंग हटानी है तो सबसे पहले हाथ और पैर को अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें, ताकि इसकी गंदगी साफ हो जाए।

अब ब्रश की मदद से तैयार डी टैन पैक को स्किन पर अप्लाई करें। 5-8 मिनट इसे ऐसे ही लगा रहने दें। जब ये हल्का ड्राई हो जाए तो अपने हाथों को गीला करके मसाज करें। 5 मिनट तक मसाज करने के बाद स्किन को सादा पानी से धो लें, ताकि आपकी त्वचा साफ हो जाए। आप इस पैक को हफ्ते में 2–3 बार आसानी से लगा सकते हैं।हफ्ते में दो से तीन बार इस पैक को इस्तेमाल करें।

## बारिश में खुजली से परेशान हो गए तो घर पर रखी ये चीजें देंगी तुरंत राहत



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे बारिश के मौसम पंसद न हो। खासतौर लोगों को बारिश में भीगना काफी पसंद आता है। पर, इस मौसम में त्वचा संबंधी दिक्कतें बढ़ने लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है, जिस कारण त्वचा पर खुजली की समस्या उत्पन्न होती है। इसके साथ-साथ खुजली, दाने और रैशेज जैसे लक्षण आम हो जाते हैं।

इस समस्या से बचने के वैसे तो कई उपाय हैं, लेकिन हम आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिनको ट्राई करने के बाद आपको तुरंत राहत मिलेगी। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही नुस्खों के बारे में बताते हैं, ताकि आप तत्काल ही इसका इस्तेमाल कर सकें।

### नीम के पत्ते

हर घर के आस-पास आपको नीम के पत्ते काफी आसानी से मिल जाएंगे। नीम में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो खुजली और फंगल इन्फेक्शन से राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप इसके इस्तेमाल से शरीर की खुजली को दूर कर सकते है। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान है। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले नीम के पत्तों को पानी में उबाल लें, और इस पानी को ठंडा करके नहाने के लिए इस्तेमाल करें। आप कुछ दिन इसके इस्तेमाल के बाद ही खुजली से राहत पा सकते हैं।

### नारियल तेल और कपूर

ये दोनों चीजें हर समय-हर घर में उप्लब्ध होती हैं। ऐसे में आप चाहें तो ये नुस्खा आजमाकर भी शरीर की खुजली को दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नारियल तेल में थोड़ा सा कपूर मिक्स करें।

### कार्नर न्यूज

### बालों को संवारिए अपने शौक से

## फेस शेप के अनुसार चुनें अपनी हेयरस्टाइल तारीफ होगी जबरदस्त और मिलेगा स्टाइलिश लुक

पुरुषों को अपने बालों से कितना प्यार होता है। ये हम सभी जानते हैं। कभी प्यार या लाड में उनकी मां या बहनें उनके बालों को छेड़ दें। तो बाल खराब होने के डर से गुस्से में लाल-पीले हो जाते हैं। अक्सर देखा गया है, कि पुरुष अधिकतर अपने बालों में हाथ फेरा करते हैं।

ये बिल्कुल भी कहना गलत नहीं होगा, कि पुरुषों के लिए उनके बाल किसी गहने से कम नहीं होते हैं। उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए उनके बालों का स्टाइल सबसे जरूरी भूमिका निभाता है। आज हम आपको कुछ ऐसी हेयरस्टाइल बताएंगे। जिन्हें आप अपने चेहरे की शेप के मुताबिक बना सकते हैं।

### चौकोर चेहरे के लिए

जिन पुरुषों का चेहरा चौकोर के आकार का होता है। उन्हें साफ-सुथरा और क्लासी हेयरस्टाइल रखना चाहिए। जिसमें बालों की शॉर्ट लेयर्स हों, क्लोज फेड्स हों। चौकोर चेहरे वाले मेंस के लिए साइड पार्टिंग हेयरस्टाइल काफी सूट करती है।

### ओवल चेहरे के लिए



जिनका चेहरा लंबा होता है। उस आकार को 'ओबलोंग' कहा जाता है। ऐसे में जिन पुरुषों के चेहरे की शेप ओबलोंग होती है। उन्हें ऐसा हेयरकट करवाना चाहिए जिसमें उनका चेहरा लंबे के बजाए छोटा नजर आए। जैसे कि अगर ओबलोंग शेप के पुरुष टॉप से बालों को लंबा और साइड से हल्का सा छोटे रखें तो आपके बालों का स्टाइल काफी अच्छा लगेगा। ओबलोंग चेहरे के शेप के पुरुष साइड के हेयर्स भी कट करवा सकते हैं।

### राउंड शेप चेहरे के लिए

जिन पुरुषों का चेहरा राउंड यानी कि गोल आकार का होता है उन्हें छोटे ही बाल रखने चाहिए। साथ ही उन्हें फ्रिजेंस यानी कि लटे नहीं रखनी चाहिए। अगर गोल चेहरे वाले पुरुष फ्रिजेंस रखते हैं तो उनका चेहरा और छोटा दिखने लगता है। ऐसे में इन्हें छोटे और साइड मांग निकालकर ही अपने बालों को स्टाइल करना चाहिए।

### चेहरे के अनुसार कैसे चुनें सही हेयरस्टाइल

सही हेयरस्टाइल न केवल आपके लुक को निखारता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी



बढ़ाता है. जानें किस प्रकार के चेहरे के लिए कौन सी बालों की लंबाई सबसे अच्छी है और अपने लुक को और भी आकर्षक बनाएं.

चेहरे के आकार के अनुसार बालों की लंबाई का चयन करना न केवल आपके लुक को निखारता है बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है. बाल हमारे व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, और सही हेयरस्टाइल हमें और भी आकर्षक बना सकता है. आइए जानें कि किस प्रकार के चेहरे के लिए कौन सी बालों की लंबाई सबसे अच्छी है. सही हेयरस्टाइल चुनकर आप अपने चेहरे की उभार सकते हैं. इसलिए, अगली बार जब आप हेयरकट के लिए जाएं, तो अपने चेहरे के आकार के अनुसार बालों की लंबाई का चयन जरूर करें.

### गोल चेहरा

गोल चेहरे वाले लोगों के लिए, ऐसा हेयरस्टाइल चुनना चाहिए जो चेहरे को लंबा दिखाए. लंबे बाल, विशेषकर कंधों से नीचे तक की लंबाई, चेहरे को लंबा दिखाने में मदद करते हैं।